उज्जैन
मंगलवार
29
सितम्बर, 2026
वर्ष-12
अंक-326
मूल्य- 2 रु.
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ एआई ट्रेडिंग के नाम पर 7.20 लाख की साइबर ठगी

7 ▸ वनडे वर्ल्ड कप 2027 का शेड्यूल एक अक्टूबर को आएगा



## रकुल प्रीत-वाशु भगनानी के ठिकानों पर आईटी की रेड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आयकर विभाग ने मुंबई में बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह, उनके ससुर और फिल्म प्रोड्यूसर वाशु भगनानी और पैनोरमा स्टूडियो से जुड़ी 12 जगहों पर छापेमारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कार्रवाई सोमवार को टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और फंड में गड़बड़ी की शिकायत के बाद शुरू की गई। विभाग की टीमों ने एक साथ सभी ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों को शक है कि फिल्म प्रोजेक्ट्स, विदेशी डिस्ट्रीब्यूशन और शूटिंग के नाम पर भारी रकम विदेश भेजी जा रही थी। विभाग फिलहाल वित्तीय दस्तावेजों की जांच कर रहा है।

### देश

- **सुप्रीम कोर्ट** बोला-क्लास 6 से 3-लैंग्वेज पॉलिसी लागू नहीं होगी, इस साल तीसरी भाषा में स्टूडेंट्स फेल नहीं किए जाएंगे तमिलनाडु को छोड़कर 27 राज्यों में पॉलिसी लागू
- **दिल्ली की जज** का रेप पीड़ित बच्ची को स्पेशल लेटर, लिखा- तुम्हारा बचपन लौटा नहीं सकते, लेकिन साहस याद रखेंगे, दोषी कभी आजाद नहीं होगा
- **सोशल मीडिया** अकाउंट बनाने के लिए 18 की उम्र जरूरी, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नियम बनाने को कहा, निर्देश- प्लेटफॉर्म्स को भारतीय कानून मानने होंगे
- **कोल्डड्रिंक में** जहर देकर किक बॉक्सर की हत्या, 2 दोस्तों पर शक, परिवार ने पलवल पुलिस को मौत से पहले का वीडियो दिखाया, इकलौता बेटा था

### विदेश

- **ब्रिटिश एयरबेस** के पास आतंकी साजिश का शक, 5 गिरफ्तार, नकाबपोश लोगों को देखकर महिला ने पुलिस बुलाई, ईरान जंग में इस्तेमाल होता है बेस
- **म्यांमार** ने रखाइन राज्य में एयरस्ट्राइक की, 49 की मौत, सेना ने बाजार के पास बम गिराए विद्रोही गुट के कब्जे में है यह इलाका, 58 लोग घायल
- **नेपाल** के हिमालय में हिमस्खलन, 4 की मौत, 12 लापता, बेस कैंप में सो रहे लोगों पर बर्फ गिरी, रेस्क्यू टीम 24 घंटे बाद पहुंची

### व्यापार

- **चांदी** के दाम 9297 घटे, इस महीने सोने की कीमत 8 हजार और चांदी 14 हजार कम हुई
- **टाटा संस** को लिस्टिंग से बचाएगा दो कंपनियों का मर्जर, 80 साल पुराने मॉडल पर लौटेगा ग्रुप, आरबीआई के नियमों से छूट मिलेगी

### कार्टून..




---

### 115 दिन से जारी आजादी आंदोलन तेज, प्रदर्शनकारी एलओसी के पास जमा

# पीओके के लोग बोले-हमें भारत का रास्ता दो, तारबंदी हटाओ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में आजादी की आवाजें तेज हो गई हैं। एलओसी (नियंत्रण रेखा) से लगभग 7 किमी दूर मंधोल में 25 हजार लोग इसके लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि हम भारत से मिलना चाहते हैं। पाक पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर के खिलाफ नारे गूंज रहे हैं। जॉइंट अवामी लीग (जेएएल) के नेताओं ने ऐलान किया है कि पाक सरकार को पुंछ और मेंढर का रास्ता खोलना होगा। ये रास्ता भारत की ओर जाता है। पांच जून से पीओके में जारी आंदोलन के 115वें दिन सोमवार को मंधोल के इलाके में खासी गहमागहमी रही। पीओके के मुजफ्फराबाद से लोग एलओसी के पास जमा होने लगे। एलओसी पर लोगों का हुजूम रोज बढ़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पाकिस्तान ने बरसों तक उनके हकों को दबाया है, लेकिन अब इंतेहा हो चुकी है। फैसला होकर रहेगा। वहीं, पाकिस्तानी सरकार ने प्रदर्शनों के कारण पीओके की सप्लाई लाइन काट दी है। लोगों के पास आटा और खाने का सामान नहीं है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की डाला ब्रिगेड यानी वो जीपें जिनमें लोगों को गिरफ्तार कर डाला जाता था, वो अब फेल हो रही हैं। हालात ये हो गए हैं कि आईएसआई के एजेंट इन्हें लेकर जाने से घबराने लगे हैं। पीओके के प्रदर्शनकारी इन पर पथराव करते हैं।



### आर्मी चीफ मुनीर क्या करेंगे?

पाकिस्तान के लिए पीओके को कब्जे में रखना बेहद जरूरी है। आर्मी चीफ मुनीर इसके लिए गुपचुप पीओके में अपने फौजियों को भेज रहे हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत पाक आर्मी अपने सैनिकों को पीओके में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नहीं उतार सकती है।

### क्या पीओके खुल पाएगा?

पाक आर्मी जेएएल के आंदोलन को कुचलने में विफल रही है। पीओके के हालात ऐसे है कि वहां के लोग अब पाक हुकूमत के जुल्मों को और ज्यादा नहीं सहने वाले हैं। पीओके का खुल पाना काफी हद तक लोगों के आंदोलन की तीव्रता पर निर्भर करेगा। 1948 के कबाइली हमले के दौरान बने पीओके के दौर को बदला भी जा सकता है।

### पीओके सरकार क्या करेगी?

पीओके में 27 जुलाई को स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद चुनाव कराए गए। पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन आर्मी के साथ सांठगांठ कर सरकार बनाने में कामयाब रही। लेकिन हालात ये है कि यहां की कैबिनेट के लोग आंदोलनकारियों के सामने जाने से कतरा रहे हैं।

---

### मस्जिद के पास मचान लगाने का काम शुरू

# रात में खाली कराई दुकानें, सामान शिफ्ट कराने में नगर निगम ने की मदद

### चौड़ीकरण की जद में आ रहे हिस्से को हटाने की तैयारी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बहुचर्चित शाही मस्जिद के चौड़ीकरण की जद में आ रहे हिस्से को हटाने की प्रक्रिया के तहत सोमवार को मुस्लिम समाजजनों ने स्वयं अपने हाथों से मस्जिद के संबंधित हिस्से को हटाने का काम शुरू किया था। समझौते के तहत किए जा रहे इस कार्य में दिनभर में सीमित हिस्सा ही हटाया जा सका। सोमवार रात मस्जिद के बाहर स्थित दुकानों को भी खाली करा लिया गया। दुकानदारों को अपना सामान दूसरी जगह शिफ्ट करने में नगर निगम अमले ने सहयोग किया।

**सुबह से शुरू हुआ मचान बनाने का काम-** मस्जिद का जो हिस्सा चौड़ीकरण की जद में आ रहा है, उसे हटाने के लिए आज अधिक श्रमबल लगाए जाने की संभावना है। संबंधित बाहरी हिस्सा काफी ऊंचाई पर होने के कारण उसे हटाने के लिए मचान तैयार किया जा रहा है। अलसुबह से ही पाइप सहित मचान बनाने की सामग्री ट्रकों से मस्जिद के समीप पहुंचना शुरू हो गई थी। सुबह करीब साढ़े आठ बजे तक मजदूर मचान फिट करने में जुटे रहे और करीब दस फीट ऊंचाई तक मचान तैयार किया जा चुका था।

इस दौरान कलेक्टर, एसडीएम सहित प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई की निगरानी करते नजर आए। मस्जिद कमेटी के प्रतिनिधि भी अधिकारियों से चर्चा करते रहे।



**पूरा क्षेत्र सुरक्षा घेरे में-** छत्री चौक को जोड़ने वाले मार्गों पर पुलिस और सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। पटनी बाजार, खाराकुआं, नीम चौक, मगरमुहा, ढाबा रोड, सराफा और मिर्जा नईमबेग मार्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेडिंग कर सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। मस्जिद के आसपास आरपीएफ की यूनिट भी नजर आई। पुलिस अधिकारी लगातार पूरे क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। स्थानीय रहवासियों को आवश्यकतानुसार आने-जाने में सुरक्षाबलों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। प्रशासन की कोशिश है कि कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे और आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो।

**आज काफी हिस्सा हटाए जाने की संभावना-** मस्जिद के संबंधित हिस्से को हटाने के लिए मचान तैयार होने के बाद आज कार्रवाई में तेजी आने की संभावना है। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मस्जिद कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ भी लगातार समन्वय किया जा रहा है।

### रातभर ड्यूटी के बाद चाय-पानी की तलाश में जवान

छत्री चौक और आसपास के क्षेत्रों में रातभर मुस्तैदी से ड्यूटी करने वाले पुलिस जवान और महिला पुलिसकर्मी सुबह चाय-पानी की तलाश करते नजर आए। लंबे समय से ड्यूटी पर तैनात कुछ जवान आपस में यह पूछते भी दिखाई दिए कि, चाय कब तक आ जाएगी? लगातार ड्यूटी के बीच जवानों के लिए चाय, पानी और भोजन की व्यवस्था की जरूरत भी महसूस हुई।

### सामाजिक संगठन आगे आएं

शहर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और सुरक्षाबल लगातार दिन-रात ड्यूटी पर तैनात हैं। ऐसे में स्वयंसेवी और समाजसेवी संगठनों को भी प्रशासन के समन्वय से आगे आकर सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए पानी, चाय, नाश्ता और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था में सहयोग करना चाहिए। इससे ड्यूटी पर तैनात जवानों को राहत मिलेगी और सामाजिक सहभागिता का सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

---

### एफबीआई की टॉप-10 मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में, लॉरेंस गैंग से जुड़ा

# अमेरिका में गोल्डी बराड़ पर 10 करोड़ रु. का इनाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को टॉप 10 मोस्ट वॉन्टेड की सूची में शामिल किया है। बराड़ की जानकारी देने वाले को 10 लाख डॉलर (करीब 9.5 करोड़ रुपए) तक का इनाम देने की घोषणा की गई है।

बराड़ को लॉरेंस ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप का उत्तरी अमेरिका में प्रमुख ऑपरेशनल लीडर बताया गया है। लॉरेंस और गोल्डी बराड़ पर 2023 में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप है। इसी साल जुलाई में निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिका ने पहली बार चार्जशीट दाखिल की थी।

अमेरिकी सरकार के मुताबिक, लॉरेंस भारतीय जेल में रहते हुए भी अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क चला रहा था। वह जेल में तस्करी से पहुंचाए गए मोबाइल फोन और इंटरनेट कॉलिंग डिवाइस के जरिए हत्या, रंगदारी, अपहरण, ड्रग्स और मानव तस्करी जैसी गतिविधियों का निर्देश देता था।



**आरोप सिर्फ अपराधियों पर, सरकार का जिक्र नहीं-** पूरे अमेरिकी आरोप पत्र और प्रेस रिलीज में भारत सरकार, आरएडब्ल्यू, एनआईए या किसी भारतीय सरकारी अधिकारी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया। आरोप केवल कथित आपराधिक गिरोहों और उनके सदस्यों पर हैं।

**ऑपरेशन हार्ड बॉल के तहत 37 पर आरोप, 24 गिरफ्तार-** अमेरिका, कनाडा और यूरोप ने संयुक्त अभियान 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' चलाकर भारत से जुड़े तीन अंतरराष्ट्रीय अपराध गिरोहों पर कार्रवाई की। इसमें 37 लोगों पर आरोप लगाए गए और 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

**बिश्नोई पर जेल से गैंग चलाने का आरोप-** अमेरिकी आरोपपत्र के मुताबिक, लॉरेंस बिश्नोई भारत की जेल में रहते हुए मोबाइल और इंटरनेट कॉलिंग डिवाइस के जरिए हत्या, रंगदारी, अपहरण, ड्रग्स और मानव तस्करी जैसे अपराधों का संचालन करता था। अमेरिकी न्याय विभाग का आरोप है कि 18 जून 2023 को कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आदेश लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ ने दिया था।

---

## तेरे ही भरोसे नुमान सिंगर की आंखों का इलाज होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

फिल्म हनुमान अंश में मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान भजन गाकर फेमस हुए सुनील लोधी की आंखों का इलाज होगा। फिल्म प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर ने सुनील के इलाज में मदद करने की पहल की है। अनुप्रिया ने बताया कि सुनील के मुंबई आने पर उनकी आंखों की विशेषज्ञ से जांच कराई जाएगी और नवंबर से उनके ट्रीटमेंट की शुरूआत होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी अस्पताल और इलाज की पूरी प्रक्रिया तय नहीं हुई है। सुनील लोधी बचपन से ही दृष्टिबाधित हैं। अनुप्रिया ने बताया कि सुनील जब पिछली बार मुंबई आए थे, तब उन्होंने उनके लिए आई-स्पेशलिस्ट से अपॉइंटमेंट भी लिया था, लेकिन वह जांच नहीं हो पाई।

मैं चाहती हूं कि सुनील प्यार को महसूस ही नहीं करें, देख भी सकें सुनील लोधी बचपन से दृष्टिबाधित हैं। अनुप्रिया ने कहा कि सुनील से बातचीत के दौरान उन्हें उनकी सोच और आस्था ने बहुत प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद सुनील अपनी सफलता और जीवन में मिले प्यार का श्रेय हनुमान जी को देते हैं। अनुप्रिया ने कहा, जब मैं सुनील भैया से बात करती हूं, तो मैं ये महसूस करती हूं कि लोगों में इतना फ्रस्ट्रेशन रहता है। वो कभी-कभी भगवान को भी बोलते हैं कि आप मेरे साथ नहीं हो, आप मेरे अगेंस्ट हो। लेकिन जब मैं सुनील भैया से बात करती हूं, वो हमेशा अपना पूरा क्रेडिट महाराज जी, हनुमान जी को देते हैं। इसी भावना ने उन्हें सुनील के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित किया।

## उज्जैन सहित सभी जिला पुलिस इकाइयों में बनेंगे मेंटल हेल्थ सेंटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिसकर्मियों के लगातार बढ़ते कार्यदबाव और मानसिक तनाव को देखते हुए मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। प्रदेश की सभी जिला पुलिस इकाइयों में जल्द ही मेंटल हेल्थ सेंटर स्थापित किए जाएंगे। उज्जैन में भी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इन केंद्रों के माध्यम से मनोवैज्ञानिक परामर्श, तनाव प्रबंधन तथा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सहायता उपलब्ध कराने की योजना है। इस संबंध में पुलिस वेलफेयर विभाग द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

पुलिस विभाग में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, वीआईपी सुरक्षा, धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों, त्योहारों, चुनावी ड्यूटी सहित विभिन्न जिम्मेदारियों के कारण पुलिसकर्मियों पर लगातार काम का दबाव रहता है। उज्जैन जैसे धार्मिक और पर्यटन महत्व वाले शहर में पर्व, त्योहारों और बड़े आयोजनों के दौरान पुलिस बल की ड्यूटी का दबाव और बढ़ जाता है। सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन की तैयारियों के बीच आने वाले समय में पुलिस बल पर अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी रहेंगी।

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार कई पुलिसकर्मियों को लगातार 12 से 18 घंटे तक ड्यूटी करनी पड़ती है। कई बार पर्याप्त अवकाश नहीं मिल पाने और पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ नौकरी का संतुलन बनाने में कठिनाई होने से मानसिक तनाव की स्थिति पैदा होती है। पिछले कुछ वर्षों में पुलिसकर्मियों द्वारा आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयास की घटनाओं ने भी विभाग को मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया है। प्रस्तावित मेंटल हेल्थ सेंटर में प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक और काउंसलर उपलब्ध रहेंगे। पुलिसकर्मियों को अपनी समस्याओं पर गोपनीय रूप से काउंसलिंग लेने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा नियमित मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, तनाव प्रबंधन के सत्र और आवश्यकता के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन तथा ऑफलाइन परामर्श की व्यवस्था भी की जा सकती है।

---

### खबर का असर : 9 मेडिकल कॉलेज अब सरकारी ही रहेंगे

# पीपीपी मॉडल में देने का फैसला वापस ट्रांजेक्शन एडवाइजर का टेंडर भी निरस्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के 9 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मॉडल के जरिए निजी हाथों में सौंपने की प्रस्तावित योजना पर राज्य सरकार ने फिलहाल यू-टर्न लिया है। अब जिन मेडिकल कॉलेजों के भवन तैयार हैं अथवा निर्माणाधीन हैं, उन्हें सरकारी ही रखा जाएगा। इन्हें पीपीपी मॉडल से बाहर कर दिया गया है। सरकार के इस निर्णय के बाद इन कॉलेजों का संचालन पूर्ववत राज्य सरकार के स्तर पर ही होगा। मेडिकल कॉलेजों के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त करने के लिए निकाला गया टेंडर भी निरस्त कर दिया गया है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों को निजी हाथों में देने की प्रस्तावित योजना को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए इसके विभिन्न पहलुओं को सामने रखा था। समाचार प्रकाशित होने के बाद यह मुद्दा सार्वजनिक चर्चा में आया। सरकार के ताजा निर्णय से फिलहाल 9 मेडिकल कॉलेजों को निजी संचालन में जाने से राहत मिली है।

इनमें बुधनी, छतरपुर और दमोह के मेडिकल कॉलेजों के भवन तैयार हैं तथा वहां कॉलेजों का संचालन भी हो रहा है। उज्जैन, मंडला और राजगढ़ के मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं नीमच, श्योपुर और सिंगरौली के मेडिकल कॉलेज केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत संचालित किए जा रहे हैं। डॉ. चंदर सोनाने के अनुसार अब इन सभी मेडिकल कॉलेजों को सरकारी व्यवस्था के तहत ही संचालित किया जाएगा।

**भवन तैयार या निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों को निजी हाथों में देने की योजना से बाहर किया**

Industrial Training Institute

### 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी रहेंगे सरकारी

सरकार ने प्रदेश के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निजी हाथों में देने का पूर्व निर्णय भी निरस्त कर दिया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को फिलहाल सरकारी व्यवस्था में बनाए रखने का रास्ता साफ हुआ है। स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्र में इन संस्थानों का सरकारी नियंत्रण में रहना आमजन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### लेकिन नए प्रस्तावित मेडिकल कॉलेजों पर सवाल कायम

सरकार ने ऐसे प्रस्तावित मेडिकल कॉलेजों के लिए पीपीपी मॉडल की संभावना पूरी तरह समाप्त नहीं की है, जिनके भवन अभी तैयार नहीं हुए हैं और निर्माण भी शुरू नहीं हुआ है। इनके लिए नीति आयोग द्वारा तैयार टेंडर डॉक्यूमेंट को लागू करने की बात कही गई है। सरकार का तर्क है कि आवश्यकता के अनुसार वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) के माध्यम से परियोजनाओं को व्यवहारिक बनाया जा सकता है। यहीं से भविष्य को लेकर सवाल खड़े होते हैं। मौजूदा 9 मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी से बाहर रखने का निर्णय जहां राहत देता है, वहीं नए मेडिकल कॉलेजों के लिए निजी भागीदारी का रास्ता खुला रहना इस बहस को समाप्त नहीं करता। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, शुल्क, गुणवत्ता, गरीब एवं मध्यमवर्गीय विद्यार्थियों की पहुंच तथा सरकारी नियंत्रण जैसे मुद्दों पर सरकार को स्पष्ट नीति सामने रखनी होगी।

### आईटीआई का अनुभव भी सामने

सरकारी संस्थानों को पीपीपी मॉडल पर देने के परिणामों को समझने के लिए प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) का अनुभव भी चर्चा में है। करीब चार वर्ष पहले प्रदेश के 42 आईटीआई को निजी संस्था के साथ पीपीपी व्यवस्था में देने का निर्णय लिया गया था। इन संस्थानों को लेकर अब फीस, प्लेसमेंट और ट्रेड संबंधी शिकायतें सामने आई हैं। शिकायतों के अनुसार जिन आईटीआई में पहले फीस करीब 10,680 रुपए थी, वहां कुछ संस्थानों में यह राशि बढ़कर डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच गई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है और कुछ विद्यार्थियों को फीस के लिए ऋण लेने तक की स्थिति बनी है।

## भस्मआरती श्रृंगार दर्शन



भगवान महाकाल शेषनाग का रजत मुकुट, रजत मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला से सजे

## अपनेतक

### अमन की जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस की नहीं

रातभर सड़कों पर पहरा, सुबह चाय की तलाश...

शहर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और सुरक्षाबल जिस तरह लगातार ड्यूटी पर तैनात हैं, वह आसान जिम्मेदारी नहीं है। तनावपूर्ण माहौल में घंटों खड़े रहना, हर आने-जाने वाले पर नजर रखना और साथ ही आमजन के साथ संयम बनाए रखना—यह ड्यूटी केवल वर्दी की नहीं, बल्कि धैर्य की भी परीक्षा है।

शाही मस्जिद से जुड़े चौड़ीकरण के कार्य में प्रशासन और संबंधित पक्षों के बीच सहमति के आधार पर आगे बढ़ने की कोशिश हो रही है। ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण बात यही है कि कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो और शहर का सामाजिक सौहार्द किसी भी स्थिति में प्रभावित न हो।

पुलिस की तैनाती आवश्यक है, लेकिन अमन केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं हो सकता। समाज के हर वर्ग, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं की भी भूमिका है। खासकर वे संगठन जो संकट या विशेष परिस्थितियों में सेवा कार्य करते हैं, उन्हें आगे आकर ड्यूटी पर तैनात जवानों के लिए पानी, चाय, नाश्ता और भोजन जैसी सुविधाओं में प्रशासन के समन्वय से सहयोग करना चाहिए।

एक कप चाय या पानी का गिलास भले ही छोटी बात लगे, लेकिन रातभर ड्यूटी करने वाले जवान के लिए यह थकान के बीच बड़ा सहारा हो सकता है।

शहर की सड़कों पर बैरिकेड पुलिस लगाए, लेकिन दिलों के बीच बैरिकेड न खड़े हों—यही इस समय उज्जैन की सबसे बड़ी जरूरत है।

### उज्जैन की डॉ. अंजलि सिसोदिया एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा में चयनित

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की सहायक प्राध्यापक परीक्षा में उज्जैन की डॉ. अंजलि सिसोदिया ने गणित विषय में शानदार सफलता हासिल की है। वे वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. अंजलि ने विक्रम विश्वविद्यालय से गणित विषय में ही पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। उनकी यह उपलब्धि उनकी निरंतर और अथक मेहनत का परिणाम है। उज्जैन की बेटी की इस सफलता पर परिजनों और स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### अशोक नगर से निकला श्री राम भक्त मंडल का विसर्जन चल समारोह



**उज्जैन।** अशोक नगर स्थित श्री राम भक्त मंडल द्वारा 12 दिवसीय गणेशोत्सव के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महाप्रसादी के पश्चात भगवान श्री गणेश का विसर्जन चल समारोह निकाला गया, जिसका समापन मंगलनाथ पर प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ।

मंडल का यह चल समारोह अशोक नगर से प्रारंभ हुआ। यह समारोह शहर के प्रमुख मार्गों शहीद पार्क, टावर चौक, चामुंडा माता, देवास गेट, मालीपुरा, फव्वारा चौक, कांठल और निकास होते हुए मंगलनाथ पहुंचा।

# श्राद्ध पक्ष में तर्पण से पिंडदान तक, हर कर्म की अपनी मान्यता

## पितरों के निमित्त श्रद्धालु करते हैं तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोजन और दान-पुण्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्राद्ध पक्ष को सनातन परंपरा में पितरों के स्मरण और उनके निमित्त श्रद्धा अर्पित करने का विशेष काल माना गया है। इन दिनों श्रद्धालु अपने पूर्वजों का स्मरण कर उनकी तिथि के अनुसार श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्राद्ध केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर है।

श्राद्ध कर्म में जल और तिल से किया जाने वाला तर्पण प्रमुख माना जाता है। श्रद्धालु पितरों का स्मरण करते हुए जल अर्पित करते हैं। मान्यता है कि तर्पण के माध्यम से पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है और उनके आशीर्वाद की कामना की जाती है। पिंडदान भी श्राद्ध कर्म का महत्वपूर्ण अंग है। आटे, चावल अथवा निर्धारित सामग्री से पिंड बनाकर पितरों को अर्पित किए जाते हैं। अलग-अलग तीर्थों और परंपराओं में पिंडदान की विधि में अंतर हो सकता है। उज्जैन में गयाकोठा तीर्थ को पितृ कर्म के लिए महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है, जहां श्राद्ध पक्ष में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।



### ब्राह्मण भोजन और दान

श्राद्ध के अवसर पर ब्राह्मण को भोजन कराना तथा यथाशक्ति दक्षिणा और दान देना भी परंपरा का हिस्सा है। इसके साथ ही अन्न, वस्त्र और अन्य उपयोगी सामग्री का जरूरतमंदों को दान करने की परंपरा भी प्रचलित है।

### पंचबलि की परंपरा

कई गृहस्थ परंपराओं में श्राद्ध के दौरान गाय, कुत्ते, कौए आदि के लिए भोजन निकालने की परंपरा भी निभाई जाती है। इसे जीव-जंतुओं के प्रति संवेदना और अन्न के प्रति सम्मान से जोड़कर देखा जाता है।

### देव पूजन के बाद पितृ कर्म

कई परंपराओं में श्राद्ध कर्म से पहले गणेश, विष्णु आदि देवताओं का स्मरण और पूजन किया जाता है। इसके बाद संकल्प लेकर पितरों के निमित्त तर्पण, पिंडदान और अन्य कर्म किए जाते हैं। हालांकि विधि परिवार, क्षेत्र और संबंधित धार्मिक परंपरा के अनुसार अलग-अलग हो सकती है।

### दीपदान और सेवा भी महत्वपूर्ण

श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त दीप प्रज्वलित करने तथा सेवा और दान करने की परंपरा भी कई स्थानों पर है। धार्मिक मान्यता में इन कर्मों का उद्देश्य पितरों का स्मरण करते हुए सद्कर्म और सेवा के माध्यम से श्रद्धा अर्पित करना है।

श्राद्ध पक्ष का मूल संदेश यही है कि पूर्वजों को केवल एक दिन याद करने के बजाय उनके प्रति कृतज्ञता, परिवार की परंपराओं के संरक्षण और जरूरतमंदों की सेवा को जीवन का हिस्सा बनाया जाए। यही कारण है कि पितृपक्ष में तीर्थस्थलों, नदी घाटों और पितृ कर्म से जुड़े स्थानों पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ दिखाई देती है।

### क्षमावाणी पर्व पर जयसिंहपुरा जिनालय से निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

**उज्जैन।** पर्युषण पर्व के समापन और क्षमावाणी पर्व के अवसर पर रविवार को अतिशय क्षेत्र जयसिंहपुरा जिनालय से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रजत वेदी में विराजमान श्रीजी की शोभायात्रा जलाभिषेक के लिए जल लेने गऊघाट पहुंची। यहां समाजजनों द्वारा भक्ति करने के पश्चात शोभायात्रा पुनः जिनालय लौटी, जहां विधि-विधान से भगवान का अभिषेक किया गया।

प्रथम स्वर्ण कलश से अभिषेक का लाभ राहुल वैदिक सोगानी परिवार और द्वितीय स्वर्ण कलश का लाभ अश्विन रुचि कसलीवाल परिवार ने लिया। वहीं, प्रथम रजत कलश का लाभ अवि कुमार प्रखर गंगवाल परिवार एवं द्वितीय रजत कलश का लाभ अनुभव राकेश कुम्भराज परिवार को प्राप्त हुआ। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कलशाभिषेक के बाद सकल समाज ने भगवान से प्रार्थना की और इसके पश्चात सभी ने एक-दूसरे से क्षमा याचना कर पर्व मनाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ट्रस्ट सचिव अनिल गंगवाल ने भी ट्रस्ट मंडल की ओर से सम्पूर्ण समाज से क्षमा मांगी।


# कचरा नहीं उठ रहा, कुत्ते फैला रहे गंदगी

## राजस्व कॉलोनी में डायपर-पैड सहित कचरे का ढेर, बदबू और मच्छरों से रहवासी परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राजस्व कॉलोनी स्थित रघुकुल अपार्टमेंट के आसपास नियमित रूप से कचरा नहीं उठाए जाने से रहवासी परेशान हैं। यहां प्रतिदिन बड़ी मात्रा में घरेलू कचरा खुले में पड़ा रहता है, जिसमें बच्चों के डायपर और महिलाओं के उपयोग किए गए पैड सहित अन्य गंदगी भी शामिल होती है।

पत्रकार राजेश सिंह के अनुसार खुले में पड़े कचरे को गाय और कुत्ते खाते हैं। कुत्तों द्वारा कचरे को खींचकर पूरे मोहल्ले में फैला दिए जाने से जगह-जगह गंदगी के साथ बदबू का वातावरण बना रहता है। मच्छरों की संख्या बढ़ने से भी रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### सफाई कर्मचारियों का जवाब-गाड़ी नहीं है

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि जब सफाई कर्मचारियों से नियमित कचरा उठाने के लिए कहा जाता है तो उनका जवाब होता है कि हमारे पास गाड़ियां नहीं हैं, कचरा कैसे उठाएं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि कचरा उठाने की व्यवस्था ही नियमित नहीं होगी तो स्वच्छता व्यवस्था कैसे कायम रहेगी।

रहवासियों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि राजस्व कॉलोनी और रघुकुल अपार्टमेंट के आसपास नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा खुले में कचरा फेंकने की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों से राहत मिल सके।

शीला व्यास और रतनलाल महाराज सम्मानित

# संजा लोकोत्सवः लोकनाट्य माच की थाप से गूंजा नया शहर

## शहीद पार्क में हुआ राजा हरिश्चंद्र माच का मंचन, मालवी-निमाड़ी लोकगीतों की हुई प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव के दूसरे दिन शहीद पार्क में पारंपरिक लोकनाट्य माच की प्रस्तुति से नया शहर गूंज उठा। समारोह में सुश्री शीला व्यास को लोक विदुषी सम्मान एवं श्री रतनलाल जी महाराज को लोक कला शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया।

प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड तथा संस्कार भारती के संयुक्त सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ माच कलाकार सुधीर सांखला के संयोजन एवं बाबूलाल देवल के निर्देशन में मां ब्रह्माणी माच कला मंडल द्वारा राजा हरिश्चंद्र माच के खेल का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस अवसर पर इंदौर की शीतल अत्रे ने निमाड़ी लोकगीत एवं हर्षा शर्मा व शेफाली चतुर्वेदी ने मालवी लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पार्षद नीलम राजा कालरा, हफीज खान और कृष्णा वर्मा उपस्थित थीं।

### आज उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतियोगिता

संजा लोकोत्सव के अंतर्गत आज प्रातः 11 बजे शास्त्री नगर स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में संजा एवं मांडना प्रतियोगिता, प्रदर्शनी तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# पदक विजेता बेटियां बनीं मुख्य अतिथि, एक ही मंच पर मनी भगत सिंह जयंती व बेटी दिवस, शर्मा परिसर में हुआ आयोजन

### सांसद फिरोजिया सहित समाजसेवियों व प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शर्मा परिसर में बेटी दिवस और महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की जयंती एक ही मंच पर मनाई गई। इस अनूठे आयोजन में देश के लिए पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाने वाली बेटियों को मुख्य अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बेटियों द्वारा बाबा महाकाल और शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन कर किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही नई पीढ़ी तक देशभक्ति के विचार पहुंचाना था।




कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया शामिल हुए, जिन्हें संगठन की ओर से 'सनातन गौरव रत्न' सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर आचार्य अखिलेश महाराज, साध्वी हेमलता दीदी सरकार सहित कई संत, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। संगठन के अध्यक्ष मनोज रावत ने कहा कि बेटी के आगे बढ़ने से पूरा परिवार, समाज और देश आगे बढ़ता है। बेटियों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

आयोजन में देश का गौरव बढ़ाने वाली अनुष्का शर्मा (गोल्ड व सिल्वर मेडल) और दुर्गेश नंदिनी शेखावत (कांस्य पदक व खेल रत्न) का विशेष सम्मान किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली उषा सोनी, श्यामली शर्मा, सुजाता ठाकुर, वंदना जैन, प्रीति दुबे, जागृति शुक्ला, महेंद्र व्यास, निधि जैन, प्रमोद व्यास, ऐश्वर्या शर्मा, सरोज वैष्णव, राजेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शास्त्री, नीकिता जोशी, प्रवीण तिवारी, उमा देवी शुक्ला और नमन मालवीय को भी अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनामिका शर्मा ने किया । आयोजन को सफल बनाने में समिति के अभिजीत जोशी, मनोज शर्मा, डॉ. श्रवण शर्मा, विनोद जोशी, कल्पना पटवा, सविता चौहान, मोना भंडारी, बालकृष्ण शर्मा, मुक्तेश मनावत, राहुल शुक्ला, प्रेम नारायण उपाध्याय, नितिन शर्मा, रितिक सोनगरा, नितेश मालवीय, अरुण पटेल और रवि चौधरी का विशेष सहयोग रहा। अंत में आभार नवीन सोगानी ने माना।

### माधव कॉलेज के विद्यार्थियों ने विशेष बच्चों के बीच किया श्रमदान, सीखी ब्रेल लिपि

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की समाज कार्य अध्ययन शाला के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विशेष विद्यालयों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने शासकीय मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों के आवासीय विद्यालय और शासकीय दृष्टि एवं श्रवण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हामूखेड़ी का दौरा कर श्रमदान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने दोनों संस्थानों की प्रशासनिक व्यवस्था, पुनर्वास पद्धतियों, ब्रेल लिपि, सांकेतिक भाषा और विशेष शिक्षण तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी ली। विद्यार्थियों ने विशेष बच्चों से संवाद कर उनकी दिनचर्या और चुनौतियों को करीब से समझा। साथ ही दोनों संस्था परिसरों में साफ-सफाई कर अपना श्रमदान दिया। यह आयोजन प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक धरातल से जोड़ना और विशेष वर्गों के प्रति सेवा-भाव व संवेदनशीलता बढ़ाना था।

# पर्यटक भी परेशान, बंद बाजारों से खान-पान के लिए भटकते रहे श्रद्धालु

## दुकानें बंद मिलने से खान-पान और रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों के सामान के लिए भटकना पड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत शाही मस्जिद क्षेत्र में चल रही कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था का असर शहर के उन हिस्सों में भी दिखाई दिया, जहां बाहर से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक सामान्य दिनों में देर रात तक चहल-पहल देखते हैं। शहर में दर्शन, श्राद्धकर्म और धार्मिक स्थलों के भ्रमण के लिए पहुंचे कई श्रद्धालुओं को रात में दुकानें बंद मिलने से खान-पान और रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों के सामान के लिए भटकना पड़ा। महाकाल क्षेत्र, मुख्य छत्रीचौक और सराफा बाजार में रात के समय दुकानें बंद रहने से बाहर से आए लोगों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल सकीं। कई श्रद्धालु आसपास खुले प्रतिष्ठानों की तलाश करते नजर आए। स्थानीय लोगों ने उन्हें उपलब्ध खान-पान की दुकानों और आने-जाने के वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देकर मदद की। सराफा व्यापारी एसो. की ओर से यूथ एसो. ने ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों के लिए जलपान का प्रबंध किया। अध्यक्ष प्रशांत सोनी ने बताया कि कारोबार बंद था, लेकिन सेवा जारी रखी। सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक पुलिसकर्मियों को पोहे और चाय उपलब्ध करवाए।



### 100 साल पुरानी मस्जिद, सिंधिया राजघराने के 1925 में लिखे पत्र में जिक्र

1925 में सिंधिया राजघराने के समय के दस्तावेज में मस्जिद का जिक्र मिलता है। 28 साल से नमाज अदा करवा रहे मौलाना इब्राहिम सा. का यही कहना है। उन्होंने बताया उस दौरान पत्र में जमीन अधिग्रहण के बाद इसके शेष हिस्से को यथावत रखने की बात दर्ज थी। 1975 में सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्थित करने के लिए कुछ जमीन दी थी। 1985 के सरकारी राजपत्र में मस्जिद और उसकी नपाई का उल्लेख होने की बात सामने आई थी। मौलाना का कहना है कि मस्जिद 1390 ई. में बनवाई गई थी।

### सुरक्षा व्यवस्था देखकर भी सहमे नजर आए

पटनी बाजार और कंठाल क्षेत्र के आसपास पुख्ता बैरिकेडिंग, बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती तथा मार्गों पर आवाजाही नियंत्रित किए जाने से शहर से अनजान पर्यटकों में कुछ असहजता भी दिखाई दी। कई लोग यह समझने की कोशिश करते रहे कि किस मार्ग से आगे बढ़ा जा सकता है और कौन-सा रास्ता बंद है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों ने बाहर से आए लोगों को स्थिति समझाकर सही मार्ग बताया।

**सराफा व्यापारी एसोसिएशन ने किया जलपान का प्रबंध-** जहां सोमवार को उपद्रव हुआ वह शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है। पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, छत्री चौक, छोटा सराफा में आम दिनों से लेकर पर्व-त्योहार में खरीदी के लिए लोग एकत्र होते हैं। यहां प्रमुख रूप से सोना-चांदी, पूजन सामग्री, वैवाहिक सामग्री, साड़ियां, रेडिमेड कपड़े से लेकर मिठाई और नमकीन का कारोबार होता है। सोमवार को कारोबार बंद रहा। सराफा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवनारायण सोनी के अनुसार सराफा में 90 व्यापारी हैं। प्रतिदिन औसत 2 करोड़ का कारोबार होता है। इसी तरह छोटा सराफा क्षेत्र के व्यापारी संजय मेहता के अनुसार आम दिनों में 50 लाख से एक करोड़ का कारोबार होता है। चौड़ीकरण के बाद रिनावेशन चल रहा है।

### होटल-रेस्टोरेंट में बढ़ी भीड़

बाजारों में अधिकांश दुकानें बंद रहने का असर महाकाल क्षेत्र और देवासगेट क्षेत्र के खुले होटल-रेस्टोरेंट पर दिखाई दिया। रात के समय इन प्रतिष्ठानों पर सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रही। दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के बाद भोजन की तलाश में निकले श्रद्धालुओं को इन्हीं स्थानों का सहारा लेना पड़ा। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का कहना था कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है, लेकिन ऐसी स्थिति में प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पर्यटकों को खान-पान, आवश्यक वस्तुओं और आवागमन की न्यूनतम सुविधाओं के लिए ज्यादा परेशानी न उठानी पड़े। धार्मिक नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के साथ सुविधा और स्पष्ट मार्गदर्शन भी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

उज्जैन
मंगलवार
29
सितम्बर, 2026

दैनिक
# ब्रह्मास्त्र

क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्।
क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्।।
**अर्थः** एक क्षण भी गँवाए बिना ज्ञान चाहिए और एक-एक कण को बचाकर धन इकट्ठा करना चाहिए। क्षण को खो देने वाले को ज्ञान कहाँ और कण को क्षुद्र समझने वाले के लिए धन कहाँ है?

## खबर एक नजर...

### सोशल मीडिया दोस्त ने महिला से ठगे 1.02 लाख

**इंदौर।** सोशल मीडिया दोस्त बनकर एक महिला से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को लंदन से भारत आया बताया और महंगे गिफ्ट देने का झांसा दिया। बाद में कस्टम्स और दिल्ली पुलिस का डर दिखाकर पहले 47 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। इसके बाद महिला को उसके वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 55 हजार रुपए और ऐंठ लिए। आरोपी ने कुल 1 लाख 2 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। पीड़िता की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, एरोड्रम निवासी सलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि 19 सितंबर को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को उसका सोशल मीडिया फ्रेंड बताया और कहा कि वह लंदन से दिल्ली आया है। उसने महिला के लिए महंगे गिफ्ट लाने की बात कही। कुछ देर बाद आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल कर बताया कि दिल्ली पुलिस और कस्टम्स अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया है। उसके पास सोने के गहने और महंगा सामान है, जिसे अवैध बताकर पुलिस रुपए मांग रही है। इसके बाद आरोपी ने एक क्यूआर कोड भेजकर उसमें रुपए ट्रांसफर करने को कहा। झांसे में आकर पीड़िता ने आरोपी के भेजे क्यूआर कोड पर पहले 2 हजार रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद 45 हजार रुपए और भेज दिए। अगले दिन आरोपी ने दोबारा कॉल किया, लेकिन पीड़िता ने कॉल नहीं उठाया। इसके बाद उसने दूसरे नंबर से फोन कर पैसों की मांग की। पीड़िता के मना करने पर आरोपी ने धमकी दी कि उसके पास उसका एक वीडियो है, जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

### होटल कर्मचारी चौथी मंजिल से गिरा, सुसाइड और हादसे के एंगल पर जांच कर रही पुलिस

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र स्थित भगवती होटल की चौथी मंजिल से गिरकर 20 वर्षीय कर्मचारी सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई। वह मूल रूप से कटनी का रहने वाला था और करीब आठ महीने पहले होटल में काम करने आया था। घटना शनिवार रात करीब 12 बजे की है। होटल परिसर में तेज आवाज सुनकर चौकीदार मौके पर पहुंचा तो फर्श पर सुरेंद्र खून से लथपथ पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। सुरेंद्र अपने मामा के बेटे अनिल के साथ होटल में काम करता था और दोनों एक ही कमरे में रहते थे। छोटी ग्वालटोली टीआई जितेंद्र सिंह यादव के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सुरेंद्र शराब पीने का आदी था। पुलिस को आशंका है कि नशे की हालत में संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरा होगा। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं और होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी कब्जे में लिए हैं। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। सुरेंद्र के परिजनों को भी सूचना देकर इंदौर बुलाया गया है।

### पलासिया ऑफिस में फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** पलासिया स्थित अपने ऑफिस में फांसी लगाकर जान देने वाले बिल्डर बंटी उर्फ संदीप नागर के मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस अब ऑफिस के कर्मचारियों और बंटी के मोबाइल में आखिरी समय में हुई बातचीत के आधार पर उनके परिचितों से पूछताछ करेगी। ऑफिस में लगे दो डीवीआर में से एक में हार्डडिस्क नहीं मिली, जबकि दूसरे डीवीआर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी के अनुसार, साकेत में बंटी नागर निवासी गुलमोहर कॉलोनी का शव रविवार शाम उनके बेटे ने चौथे माले स्थित ऑफिस में देखा था। देर शाम परिजनों ने अस्पताल से पुलिस को घटना की जानकारी दी। बंटी के चौथे माले पर दो ऑफिस हैं और दोनों में कैमरे लगे हैं। जिस केबिन में बंटी ने फांसी लगाई, वहां लगे डीवीआर में हार्डडिस्क नहीं मिली। वहीं दूसरे ऑफिस के कैमरे के डीवीआर में हार्डडिस्क लगी है। पुलिस ने डीवीआर जब्त कर लिया है, लेकिन उसमें पासवर्ड लगा है। बंटी के बेटे ने पुलिस को पासवर्ड की जानकारी नहीं होने की बात कही है। टीआई सुरेंद्र सिंह के मुताबिक, बंटी के मोबाइल में पैटर्न लॉक लगा है। पुलिस इसे 30 से ज्यादा बार खोलने का प्रयास कर चुकी है, लेकिन लॉक नहीं खुला।

### होलकर कॉलेज में फिर गरमाया विवाद

**इंदौर।** होलकर साइंस कॉलेज में गणपति विसर्जन के दौरान हुए विवाद के बाद सोमवार को एक बार फिर माहौल गरमा गया। कॉलेज परिसर में करणी सेना और अइश्ढ से जुड़े कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों की ओर से नारेबाजी हुई। कॉलेज की कुछ छात्राओं ने करणी सेना वापस जाओ के नारे भी लगाए। विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग किया। विरोध के दौरान करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के बाहर सड़क पर चक्काजाम भी किया। कार्यकर्ता प्राचार्य को ज्ञापन देने पहुंचे थे, लेकिन गेट पर ही ज्ञापन फाड़कर विरोध जताया। पुलिस की समझाइश के बाद कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम समाप्त किया।

---

### एमजीएम में फर्स्ट ईयर एमबीबीएस छात्रों से रैगिंग की शिकायत, एनएमसी ने 24 घंटे में मांगी रिपोर्ट

# रात 1:30 बजे जूनियर छात्रों को बाहर बुलाने की कोशिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर एमबीबीएस छात्रों से रैगिंग की शिकायत सामने आई है। नेशनल मेडिकल कमीशन के एंटी-रैगिंग सेल को की गई शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी गई है। शिकायत में प्रथम वर्ष के छात्रों ने आरोप लगाया है कि रात करीब 1 से 3 बजे के बीच सीनियर छात्र उनके हॉस्टल में पहुंचे और कमरों के दरवाजे खुलवाने के लिए लगातार पीटते रहे। डर के कारण छात्रों ने दरवाजे नहीं खोले।

शिकायत के मुताबिक उस समय हॉस्टल में सुरक्षाकर्मी मौजूद था, लेकिन उसने सीनियर छात्रों को अंदर आने से नहीं रोका। आरोप है कि सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों को बाहर बुलाने का भी प्रयास किया।

छात्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि गणपति उत्सव के दौरान उन्हें एक मीटिंग के लिए बुलाया गया था, जहां उनके मोबाइल फोन ले लिए गए थे। शिकायत में रैगिंग से जुड़े नियमों और हाईकोर्ट के निर्देशों का हवाला देते




हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

**ब्लॉक-6 में रहते हैं फर्स्ट ईयर के छात्र-** जानकारी के अनुसार घटना हॉस्टल के ब्लॉक नंबर छह में हुई। यहां फर्स्ट ईयर के विद्यार्थी रहते हैं और नियमों के मुताबिक सीनियर छात्रों का इस ब्लॉक में प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बावजूद सीनियर छात्रों के प्रवेश को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं।

**10 दिन में रैगिंग का दूसरा मामला-** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में करीब 10 दिन के भीतर रैगिंग से जुड़ा यह दूसरा मामला है। इससे पहले एमटीएच अस्पताल में एक पीजी छात्र ने रैगिंग की शिकायत की थी। मामले में जांच कमेटी गठित की गई थी और एचओडी को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद नया ड्यूटी रोस्टर भी बनाया गया है। हालांकि, इस रोस्टर में रात के समय केवल एक डॉक्टर की ड्यूटी लगाए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

**सितंबर में 50 छात्रों ने रैगिंग के बाद छोड़ा था हॉस्टल-** कॉलेज में रैगिंग को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। सितंबर में 2024 बैच के 109 विद्यार्थी हॉस्टल में रहने आए थे। रैगिंग से परेशान होने के बाद इनमें से करीब 50 छात्रों के हॉस्टल छोड़ने की बात सामने आई थी। प्लीज हेल्प मी नाम से बनाए गए एक्स अकाउंट के जरिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रैगिंग का मामला सामने आया था।

#### एंटी-रैगिंग कमेटी ने बुलाई बैठक, छात्रों के बयान होंगे

- शिकायत मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने संबंधित हॉस्टल की सीसीटीवी फुटेज निकलवाने और मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। सोमवार को एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें फर्स्ट ईयर के सभी विद्यार्थियों को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया।
- प्रबंधन अब ब्लॉक नंबर छह में लगे सीसीटीवी कैमरों की उस रात की फुटेज की जांच करेगा। शिकायत में घटना का समय रात 1 से 3 बजे के बीच बताया गया है। फुटेज में यदि कोई सीनियर छात्र हॉस्टल में प्रवेश करता या छात्रों को बुलाने का प्रयास करता नजर आता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### पहले भी सामने आ चुके हैं रैगिंग के मामले

अक्टूबर 2025 में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रथम वर्ष की पीजी छात्रा ने चार सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा ने चार महीने में 22 किलो वजन कम होने और उपचार के लिए एमवाय हॉस्पिटल में भर्ती होने की बात कही थी। उसने यूजीसी की राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग सेल में भी शिकायत की थी। नवंबर 2025 में 2025 बैच के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने यूजीसी की एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। आरोप था कि 2024 बैच के कुछ सीनियर छात्रों ने उन्हें निजी फ्लैट पर बुलाकर मारपीट और गाली-गलौज की तथा सिगरेट और शराब के लिए मजबूर किया। कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी की जांच के बाद चार सीनियर छात्रों को एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि कॉलेज को शिकायत प्राप्त हुई है। मामले में कमेटी गठित कर जांच की जा रही है।

---


### 50 डॉलर पहले लौटाकर जीता भरोसा, बोनस, मेगा ट्रेड और टैक्स के नाम पर रकम ऐंठी

# एआई ट्रेडिंग के नाम पर 7.20 लाख की साइबर ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एआई आधारित ट्रेडिंग एप के जरिए भारी मुनाफे का झांसा देकर युवक से 7.20 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने पहले 100 डॉलर निवेश कराने के बाद 50 डॉलर की रकम वापस कर युवक का भरोसा जीता। इसके बाद बोनस, मेगा ट्रेड, ब्रोकरेज और टैक्स के नाम पर अलग-अलग किस्तों में रकम जमा कराते रहे। सोमवार को परदेशीपुरा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी विजय बैरवा निजी कंपनी में काम करते हैं। 7 अगस्त को उनके मोबाइल पर अंकित पाल नाम के व्यक्ति का कॉल आया। उसने बताया कि वैल्यू ट्रेड नाम का एआई आधारित ट्रेडिंग एप है, जिसमें 100 डॉलर



निवेश करने पर रोज 5 से 10 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। विजय एप की लिंक नहीं खोल पाए तो आरोपी ने दस्तावेज लेकर खुद उनका ट्रेडिंग अकाउंट बना दिया। 10 अगस्त को विजय ने करीब 10 हजार रुपए जमा किए। अगले दिन एप पर बैलेंस 104 डॉलर दिखा। कुछ दिन बाद बैलेंस 152 डॉलर होने पर विजय ने 50 डॉलर विड्रॉ किए, जो उनके बैंक खाते में आ गए। इससे उन्हें एप और आरोपी पर भरोसा हो गया।

**रकम नहीं मिली तो जांच की, तब खुला राज-** बार-बार रकम जमा करने के बावजूद जब विजय को पैसा वापस नहीं मिला तो उन्होंने एप और कंपनी की जांच की। उन्हें पता चला कि इस नाम से कोई अधिकृत एआई ट्रेडिंग कंपनी मौजूद नहीं है। ठगी का पता चलने पर उन्होंने नेशनल साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। परदेशीपुरा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### बोनस और मेगा ट्रेड के नाम पर बढ़ती गई रकम

20-21 अगस्त को आरोपी ने 5 हजार डॉलर का बोनस दिलाने के नाम पर 500 डॉलर यानी करीब 47 हजार रुपए जमा कराए। अगले दिन मेगा ट्रेड के नाम पर 62 हजार रुपए और जमा करवाए। 28 अगस्त को एप पर बैलेंस 19 हजार डॉलर से ज्यादा दिखाया गया। इसके बाद आरोपी ने कंपनी की पॉलिसी बदलने का हवाला देकर रकम निकालने के लिए ब्रोकरेज चार्ज मांगा। विजय से करीब 1 लाख रुपए और जमा करा लिए गए।
1 सितंबर को अशोक नाम के व्यक्ति ने खुद को अकाउंट सेक्शन का कर्मचारी बताया और 15 हजार डॉलर निकालने के लिए 750 डॉलर यानी करीब 71 हजार रुपए क्रॉस कंट्री टैक्स के नाम पर मांगे। इसके बाद मनीष नाम के व्यक्ति ने भी रकम जमा कराने को कहा। अलग-अलग चार्ज और टैक्स के नाम पर आरोपियों ने विजय से कुल 7.20 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए।

---

### मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने कहा

# सिर्फ एफआईआर होने पर रद्द नहीं हो सकता हथियारों का लाइसेंस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हाई कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस के निलंबन को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि केवल कोई आपराधिक मामला दर्ज होने या उसके लंबित रहने के आधार पर किसी व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निलंबित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह की एकल पीठ ने आदेश दिया कि आयुध अधिनियम की धारा 17 के तहत लाइसेंस निलंबित करने से पहले सक्षम प्राधिकारी को अपनी स्वतंत्र, तर्कसंगत और संतोषजनक संतुष्टि दर्ज करना अनिवार्य है। मामला मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में पदस्थ एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी से जुड़ा है। कलेक्टर ने 19 दिसंबर 2024 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता का शस्त्र लाइसेंस अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया था, जबकि हथियार के दुरुपयोग का कोई आरोप नहीं था। कोर्ट ने कहा- शस्त्र लाइसेंस राज्य द्वारा दिया गया एक विशेषाधिकार है, जिसे अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता। हालांकि, निलंबन की शक्ति का इस्तेमाल बिना सोचे-समझे नहीं किया जा सकता।

---

# सुपर स्पेशिएलिटी की कार्डियक इमरजेंसी में 24 घंटे की पड़ताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अगर आप मानते हैं कि हार्ट अटैक का मतलब सिर्फ सीने में असहनीय दर्द और तेज पसीना आना है, तो यह धारणा जानलेवा साबित हो सकती है। सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल की कार्डियक इमरजेंसी में 24 घंटों के मामले बताते हैं कि युवाओं में जहां सीने का दर्द प्रमुख लक्षण था, वहीं बुजुर्गों में बिना किसी दर्द के केवल चक्कर आना भी गंभीर हार्ट ब्लॉक निकला। डब्ल्यूएचओ और आईसीएमआर का प्रमाणित डेटा भी मानता है कि भारत में हृदय रोग पश्चिमी देशों की तुलना में 10 से 15 साल पहले दस्तक दे रहे हैं।

**केस 1 :** 30 वर्षीय युवक काम पर निकलते ही सीने में तेज दर्द से तड़प उठा। स्मोकिंग की लत से खतरा बड़ा था, लेकिन परिजन 2 घंटे के गोल्डन ऑवर में अस्पताल ले आए। थ्रोम्बोलीसिस से क्लॉट घुला और दिल की 100% पंपिंग बच गई।

**केस 2 :** 70 वर्षीय वृद्धा घर के काम के दौरान बिना दर्द या जलन के अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ीं। ईसीजी में ह्यकम्प्लीट हार्ट ब्लॉकह्न मिला। तत्काल कैथ लैब ले जाकर पेसमेकर डाला गया, तब जान बची।

**केस 3 :** एक युवती बाजार निकलने ही वाली थी कि बिना किसी दर्द के धड़कन अचानक अनियंत्रित हो गई। ईसीजी में पल्स 180 पार मिली। डॉक्टरों ने स्थिति संभाली।

(सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एडी भटनागर, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुर्मी एवं डॉ. राकेश जैन) - कार्डियोलॉजी एक्सपर्ट पैनल

---

### दूषित पानी कांड में इंदौर हाईकोर्ट के निर्देश; वकील कर सकेंगे रिपोर्ट का अध्ययन

# भागीरथपुरा में 36 मौतों की जांच रिपोर्ट होगी ऑनलाइन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 36 मौतों के मामले में सोमवार को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर याचिकाकर्ताओं के वकीलों की ओर से दिए गए आवेदन पर कोर्ट ने सुनवाई की।

कोर्ट ने रिटायर्ड जस्टिस सुशील गुप्ता की अध्यक्षता वाले जांच आयोग की रिपोर्ट को ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के इस निर्देश के बाद मामले से जुड़े वकील जांच रिपोर्ट को ऑनलाइन देख सकेंगे और उसका अध्ययन कर सकेंगे। करीब 600 पन्नों की यह जांच रिपोर्ट अगस्त में हाई कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। रिपोर्ट पेश होने के बाद इसे सार्वजनिक करने और इसकी प्रति उपलब्ध कराने को लेकर याचिकाकर्ताओं की ओर से मांग की गई थी।

मामले की जांच रिपोर्ट लंबे समय से गोपनीय रखी गई थी। सोमवार को इंदौर



हाईकोर्ट ने करीब 600 पन्नों की जांच रिपोर्ट को वेबसाइट पर अपलोड करने की अनुमति दे दी। माना जा रहा है कि एक-दो दिन में रिपोर्ट स्कैन कर हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके साथ ही रिपोर्ट सार्वजनिक करने पर लगी रोक भी हट गई है।

**600 पन्नों की रिपोर्ट पर होना है फैसला-** भागीरथपुरा मामले की जांच के लिए हाई कोर्ट ने जनवरी में एक सदस्यीय जांच आयोग गठित किया था। आयोग ने अपनी जांच पूरी कर करीब 600 पन्नों की रिपोर्ट हाई कोर्ट में प्रस्तुत की थी। रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करने की मांग के बाद हाई कोर्ट ने फिलहाल इसे सार्वजनिक करने पर रोक लगाई थी। हालांकि, याचिकाकर्ताओं के वकीलों को रजिस्ट्रार के समक्ष रिपोर्ट देखने और उसमें दर्ज बिंदुओं को नोट करने की अनुमति दी गई थी। सोमवार की सुनवाई में कोर्ट ने रिपोर्ट को ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए हैं, जिससे संबंधित वकील इसे देख और अध्ययन कर सकें।

#### रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने की मांग भी

रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और उसकी प्रति उपलब्ध कराने की मांग को लेकर एडवोकेट मनीष यादव और एडवोकेट रितेश इनानी के माध्यम से इंटरविनर याचिका दायर की गई है। इसी मांग को लेकर कोर्ट में आवेदन पर सुनवाई हुई। मामले में कुल सात जनहित याचिकाएं दायर हैं।

---

### लता मंगेशकर की जन्मभूमि इंदौर में दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन

# शांतनु मोइत्रा को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान, इंटीग्रिटी से सीखना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लता मंगेशकर की जन्मभूमि इंदौर में सोमवार शाम आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। लता मंगेशकर सभागार में सुप्रसिद्ध संगीत निर्देशक शान्तनु मोइत्रा को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान-2026 से अलंकृत किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप 5 लाख रुपए की करमुक्त राशि और प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की गई। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़े।

शान्तनु मोइत्रा भारतीय सिनेमा के प्रमुख संगीतकार और बैकग्राउंड स्कोर कम्पोजर हैं। परिणीता, हजारों ख्वाहिशें ऐसी, लगे रहो मुन्नाभाई, 3 इडियट्स, मद्रास कैफे, पीकू, अक्टूबर और 12वीं फेल जैसी फिल्मों में उनके संगीत को पहचान मिली।



वर्ष 2014 में तेलुगु फिल्म ना बंगारू तल्ली के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। राष्ट्रीय लता अलंकरण सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा ने सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से जुड़ा एक भावुक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि लता जी के साथ काम करने और उनके साथ गाना गाने की उनकी बहुत इच्छा थी, लेकिन जब तक वे फिल्म इंडस्ट्री में आए, तब तक लता मंगेशकर ने फिल्मों में गाना काफी कम कर दिया था।

#### चार लाइन गाने के बाद भी संतुष्ट नहीं थीं लता जी

शांतनु मोइत्रा ने बताया कि एक अवसर पर लता मंगेशकर ने उनके लिए चार लाइनें गाईं। इसके बाद जो हुआ, वह उनके लिए जीवनभर याद रहने वाला अनुभव बन गया। उन्होंने कहा कि लता जी ने उनसे फोन पर कहा कि उन्होंने पिछली रात काफी देर तक सोचा और उन्हें लगा कि तीसरी लाइन वे इससे बेहतर गा सकती थीं। इसके बाद उन्होंने पूछा कि ह्लमैं फिर से आकर गाऊं? मोइत्रा ने कहा कि उन्होंने लता जी से कहा कि अगर वे कह रही हैं तो वे जरूर आकर गाएं, हालांकि उन्हें रिकॉर्डिंग बिल्कुल सही लगी थी। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए इसलिए भी अविश्वसनीय था, क्योंकि जिस कलाकार ने अपने जीवन में हजारों महान गीत गाए, वह केवल चार पंक्तियों को लेकर भी उतनी ही गंभीर और सजग थीं। मोइत्रा ने कहा कि हम अक्सर सोचते हैं कि ऐसी प्रतिभा भगवान का दिया हुआ वरदान होती है, लेकिन उनके पीछे वर्क एथिक्स, इंटीग्रिटी और अपने काम के प्रति प्रेम भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर चार लाइन गा रही हों या कोई महाकाव्य रच रही हों, उनके काम के प्रति दृष्टिकोण में कोई अंतर नहीं था। वे पूरी श्रद्धा, गंभीरता और तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती थीं।

## खबर एक नजर...

### बुरहानपुर में 3 दिन से पेड़ पर बैठी गर्भवती रीछ का रेस्क्यू

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के नायर गांव में तीन दिन से एक पेड़ पर बैठी मादा रीछ को वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। शनिवार से रीछ के पेड़ पर होने की वजह से गांव में चिंता का माहौल था। सोमवार शाम इंदौर से आई टीम ने यह रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग ने इंदौर से एक्सपर्ट रेस्क्यू टीम बुलाई। टीम ने सावधानी बरतते हुए रीछ को बिना किसी चोट के पेड़ से नीचे उतार लिया। एसडीओ विनय कुमार मेश्राम ने बताया कि पकड़ी गई रीछ मादा है और गर्भवती है। मेडिकल जांच के बाद उसे सुरक्षित घने जंगल में छोड़ा जाएगा, ताकि वह अपने प्राकृतिक माहौल में रह सके।

### सिंगरौली में मंत्री राधा सिंह का मोबाइल हैक, पत्रकार से मांगे 35 हजार

**सिंगरौली।** सिंगरौली में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह का मोबाइल नंबर सोमवार शाम हैक हो गया। हैकर्स उनके नंबर से लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग कर रहे हैं। मंत्री ने खुद सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी और लोगों से किसी भी तरह का लेन-देन नहीं करने की अपील की। मध्यप्रदेश विधानसभा की आधिकारिक सूची में राधा सिंह का यही मोबाइल नंबर दर्ज है। मंत्री राधा सिंह ने फेसबुक पर पोस्ट कर बताया कि उनका व्हाट्सएप हैक हो गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनके नंबर से आने वाले किसी भी मैसेज पर भरोसा न करें और पैसों का कोई लेन-देन न करें। मामले की शिकायत पुलिस में भी की गई है। स्थानीय पत्रकार अवनीश तिवारी को भी मंत्री के नंबर से मैसेज आया। मैसेज में यूपीआई काम नहीं करने की बात कहते हुए 35 हजार रुपए मांगे गए थे। पत्रकार को मैसेज पर शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी साझा की।

### खरगोन में पुरानी रंजिश पर दो पक्ष भिड़े:पथराव में 10 घायल

**खरगोन।** खरगोन के अंजुमननगर में सोमवार रात करीब 11 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। देखते ही देखते दोनों में मारपीट और पथराव शुरू हुआ। इस घटना में दोनों पक्षों के लगभग 10 लोग घायल हुए। खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। झगड़े के बाद इलाके में कई लोग जमा हो गए। हालात देखकर पुलिस ने अनाउंसमेंट कर भीड़ को हटाया। शांति के लिए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया। पत्थर लगने से घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में शिकायत की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। सब इंस्पेक्टर अजय दुबे ने बताया कि झगड़े की मुख्य वजह पुरानी रंजिश और लड़की का चले जाना बताया गया है। पुलिस हर बिंदु पर बारीकी से जांच कर रही है।

### मुरैना के जौरा में तेज रफ्तार कार दुकानों में घुसी, टीन शेड और काउंटर टूटे

**मुरैना।** मुरैना में जौरा कस्बे के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने जमकर तांडव मचाया। कार सड़क किनारे स्थित दुकानों की टीन शेड तोड़ते हुए एक दुकान में जा घुसी। इस दौरान कई दुकानों के काउंटर भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में दुकानों के पास खड़े एक व्यक्ति के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में थी। अनियंत्रित होने के बाद कार पहले सड़क किनारे बनी दुकानों की टीन शेड से टकराई और उन्हें तोड़ते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद कार एक दुकान में जा घुसी। इस दौरान कई दुकानों के काउंटर भी टूट गए। घटनाक्रम करीब 5 मिनट तक चलता रहा। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दुकानों के पास खड़े एक व्यक्ति के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों के अनुसार कार में तीन युवक सवार थे। युवकों के शराब के नशे में होने की बात भी सामने आई है, लेकिन इसकी पुष्टि पुलिस के मेडिकल परीक्षण के बाद ही हो सकेगी।

### सिरमौर चौराहे के फ्लाईओवर से डामर हटाया, किनारे पड़ा मलबा बना परेशानी

**रीवा।** रीवा शहर की सड़कों की बदहाली के बीच अब सिरमौर चौराहे के फ्लाईओवर की सड़क भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। करीब डेढ़ साल पहले फ्लाईओवर की कंक्रीट सड़क पर डामर की परत चढ़ाई गई थी। अब इस डामर को हटा दिया गया है। उखड़ी सड़क का मलबा ब्रिज के किनारे सरका दिया गया है। किनारे पड़ा मलबा छोटे वाहनों के लिए खतरा बना हुआ है। वाहन चालकों को फ्लाईओवर से निकलते समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में पहले से ही कई सड़कें गड्ढों, कीचड़ और धूल से जूझ रही हैं। कॉलेज चौराहे से शिवनगर रोड तक सड़क की हालत खराब है। जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

---

### भोपाल-इंदौर समेत कई हिस्सों में असर; उज्जैन-ग्वालियर से मानसून की विदाई

# मप्र में 4 दिन बारिश नहीं, निकलेगी तेज धूप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में अब तेज बारिश का दौर थमने वाला है। मौसम केंद्र के अनुसार, अगले 4 दिन तक प्रदेश में कोई मानसूनी सिस्टम एक्टिव नहीं है। इसके चलते कई हिस्सों में तीखी धूप खिलने का अनुमान है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में इसका असर ज्यादा रहेगा। इधर, बुधवार-गुरुवार से प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई शुरू होने के आसार हैं। वर्तमान में राजस्थान और पंजाब के कई जिलों से मानसून लौट चुका है। मानसून की वापसी की रेखा मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्से तक पहुंच गई है। ऐसे में सबसे पहले उज्जैन और ग्वालियर संभाग से मानसून की विदाई होने के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर में तेज धूप खिलने का अनुमान है। बाकी जिलों में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी के आसार हैं। बुधवार को प्रदेश के आधे हिस्से में तीखी धूप रहेगी। 2 अक्टूबर तक अधिकांश हिस्सों में धूप खिलने का अनुमान है।



#### मानसून की विदाई में 2 दिन बाकी

मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून का सामान्य पीरियड 1 जून से 30 सितंबर तक रहता है। यानी, मानसून की विदाई में अब दो दिन ही बाकी हैं। इसके बाद प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू होने लगेगी। प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंकड़ा चार प्रतिशत ज्यादा है। अधिकांश जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है, लेकिन बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर, सिवनी में 2% से 20% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 9% से 51% कम पानी गिरा है।

#### जून में सूखा, जुलाई अगस्त में अच्छी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, जून में 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ और कई दिन तक बारिश नहीं हुई। आखिरी सप्ताह में फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया। बावजूद इसके 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है। हालांकि, जुलाई और फिर अगस्त का भी फुल हो गया, लेकिन जून की भरपाई नहीं हो पाई। यही वजह से अब तक भी प्रदेश में 4 प्रतिशत कम पानी गिरा है। प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है। भोपाल में 4 साल से कोटे से ज्यादा बारिश भोपाल में सितंबर महीने की औसत बारिश 7 इंच है, लेकिन पिछले 5 साल से कोटे से ज्यादा पानी बरस रहा है। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो साल 1961 में पूरे सितंबर माह में 30 इंच से ज्यादा पानी गिरा था।

## '24 घंटे नजर रखता था इंजीनियर, बेटी टेंशन में थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोनू सिंह मेरी बेटी पर 24 घंटे नजर रखता था। वीडियो कॉल पर रखता था। कान से ब्लूटूथ भी नहीं निकालने देता था। कोई रिश्तेदार घर आ जाए या किसी का फोन आ जाए, तो शक करता था। निधि बहुत परेशान थी। हर पल टेंशन में रहती थी। ये बातें ह्यमिस प्रिटी इंडियाह्न विनर निधि तिवारी (30) की मां हेमलता तिवारी ने कही है। निधि तिवारी ने रविवार सुबह फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मां हेमलता ने बताया- वह खुद को अविवाहित बताकर मेरी बेटी को फंसाया था, लेकिन बाद में पता चला कि शादीशुदा है। उसके दो बच्चे हैं। इसे लेकर निधि अक्सर रोती रहती थी। बेटी को सोनू बहुत परेशान करता था। रविवार सुबह लगाई थी फांसी। दरअसल, घटना रविवार सुबह मोरवा थाना क्षेत्र में भूसा मोड़ के पास स्थित घर की है। परिवार के मुताबिक, निधि पूजा करने के बाद ऊपर कमरे में चली गई थी। कुछ देर बाद सोनू सिंह का फोन आया। परिवार ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा तोड़ने पर निधि फंदे पर लटकी मिली। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के मुताबिक, निधि के फेसबुक पर करीब 9.28 लाख और इंस्टाग्राम पर 7.12 लाख फॉलोअर्स थे। वह डांस रील्स बनाती थी। आत्महत्या से पहले उसने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट भी किया था। निधि मूल रूप से वाराणसी की रहने वाली थी। वह मोरवा के ग्रैंड होटल में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी। इलाके में एनसीएल के कार्यालय होने के कारण वहां कर्मचारियों का आना-जाना रहता है।

---

# मातृभाषा में होनी चाहिए शिक्षा, इंडिया की जगह लिखें भारत

### शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का समापन, विजेता छात्राएं हुईं पुरस्कृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिक्षा मातृभाषा में ही होनी चाहिए, क्योंकि व्यक्ति अपनी मातृभाषा में ही सोचता है। इसलिए संवाद हिंदी में करें, इंडिया की जगह भारत और अपने हस्ताक्षर भी हिंदी में ही लिखें। यह बात शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने कही। वे महाविद्यालय में आयोजित 'हिंदी पखवाड़ा' के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य वरुण गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी के शिक्षित होने से दो परिवार शिक्षित होते हैं। भाषा हमें संस्कार और परिवेश देती है। उन्होंने आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के प्रसिद्ध शास्त्रार्थ का भी उल्लेख किया और कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों से कई विद्यार्थी हिंदी माध्यम से शिक्षा लेकर विदेशों में भी भारतीय संस्कृति और संवाद को नई दिशा दे रहे हैं। विशिष्ट अतिथि महाराजा महाविद्यालय के संचालक शांतिलाल जैन ने कहा कि सोशल मीडिया के युग में लिपि के लुप्त होने का खतरा है। इसलिए भाषा का लिखा जाना आवश्यक है। हिंदी प्रयोग की भाषा है और शब्दकोश में अन्य भाषाओं के महत्वपूर्ण शब्दों को भी अपनाना चाहिए। हिंदी विभाग द्वारा 21 से 27 सितंबर तक पखवाड़े के तहत नारा लेखन, हिंदी में हस्ताक्षर अभियान, टंग ट्विस्टर, शुद्ध लेखन, निबंध, प्रश्नमंच और काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन पर विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। स्वागत भाषण संयोजिका डॉ. अरुणा दुबे ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रश्मि भार्गव, डॉ. रंजना व्यास, डॉ. नीता तपन, डॉ. निखिल जोशी, प्रो. सरिता यादव, डॉ. आभा दीक्षित, डॉ. राजेंद्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



## 4 अक्टूबर को उज्जैन में हृदय रोग एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माधव सेवा न्यास, उज्जैन एवं एपीक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के संयुक्त आयोजन में 4 अक्टूबर 2026, रविवार को हृदय रोग परीक्षण एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीलगंगा चौराहा स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में होगा।

शिविर में हृदय रोग, हड्डी, कैंसर, स्त्री रोग, किडनी एवं डायबिटीज सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को परामर्श देंगे। आयोजन में कार्डियक सर्जन डॉ. अनिल जैन के साथ कार्डियक सर्जन डॉ. अपूर्व पटेल, डॉ. कुणाल जैन एवं डॉ. निखुंज शेखड़ा, हड्डियों के शल्य चिकित्सक डॉ. पार्थ पारिख, कार्डियक/जनरल फिजिशियन डॉ. राजेंद्र बुखर सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

इसके अलावा कैंसर सर्जन डॉ. भाविन वडोदेरिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतसी शाह, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. राज मंडोत और डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. रिमित शाह मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देंगे। आयोजकों के अनुसार हृदय रोग विशेषज्ञ टीम पिछले 25 वर्षों से सेवाएं दे रही है और 40 हजार सफल ऑपरेशन का अनुभव होने का दावा किया गया है। शिविर में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, इको-कार्डियोग्राफी, पेसमेकर, वाल्व सर्जरी, बाईपास सर्जरी, स्टेंट, एक्स-रे एवं पीईटी-सीटी जैसी जांच या उपचार करा चुके मरीजों को अपनी पुरानी रिपोर्ट साथ लाने की सलाह दी गई है। पंजीयन शुल्क 50 रुपये रखा गया है।

आयोजकों ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिए फ्रेश ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, सीबीसी, छाती का एक्स-रे और ईको जैसी जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही डायबिटीज जांच एवं हृदय रोग की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराने की जानकारी भी पोस्टर में दी गई है।

शिविर में आने वाले मरीजों से पूर्व पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन एवं जानकारी के लिए 8965003636 और 7000756700 नंबर जारी किए गए हैं। आयोजन में लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास, उज्जैन सहयोगी संस्था के रूप में शामिल है।

---

# देशभर में स्थापित होंगे राष्ट्र शक्ति और सनातन संस्कृति केंद्र



### रामघाट स्थित दत्त अखाड़ा में धर्मवीर युवा दल की अखिल भारतीय बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रामघाट स्थित दत्त अखाड़ा में धर्मवीर युवा दल की दो दिवसीय अखिल भारतीय युवा बैठक का समापन हुआ। बैठक में 6 राज्यों से आए 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सनातन समाज के एकत्रीकरण और देशभर में राष्ट्र शक्ति व सनातन संस्कृति केंद्र स्थापित करने का संकल्प लिया। संगठन ने भारत को सनातनी राष्ट्र घोषित करवाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय भी लिया है। बैठक में युवाओं की भूमिका, संगठन विस्तार और संस्कृति संरक्षण पर 12 सत्र आयोजित किए गए। निर्णय लिया गया कि गांव और मोहल्ला स्तर पर 'राष्ट्र शक्ति केंद्र' तथा गुरुकुल, गोशाला व व्यायामशाला के रूप में 'सनातन संस्कृति केंद्र' खोले जाएंगे। धर्मवीर राजेश आंजणा को राष्ट्रीय अध्यक्ष, अंशु दुबे को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, गोविंद जाने गुरुजी को राष्ट्रीय संरक्षक, डॉ. विनोद कुमार सहदेव को राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य, संजय गोस्वामी को राष्ट्रीय धमार्चार्य प्रमुख, ब्रजेश पांडे को राष्ट्रीय महामंत्री, अर्जुन आंजणा को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, नवनीत मिश्रा को राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष, करणसिंह राजपूत को राष्ट्रीय मीडिया व सोशल मीडिया प्रभारी तथा रीना मिश्रा को राष्ट्रीय महिला प्रमुख नियुक्त किया गया।

### संभाग स्तरीय महिला बैडमिंटन स्पर्धा में रतलाम विजेता और उज्जैन बना उपविजेता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार शासकीय कालिदास अग्रणी कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में रतलाम जिले की टीम विजेता रही, जबकि उज्जैन की टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता स्थानीय महानंदा नगर स्पोर्ट्स एरीना में संपन्न हुई, जिसमें उज्जैन संभाग के 7 जिलों की कुल 35 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया ने विजेता और उपविजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए। सांसद फिरोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि और खेल को बढ़ावा देने वाली विभिन्न शासकीय योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एचएल अनिजवाल ने की।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पौराणिक पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। स्पर्धा में जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, चयन समिति संयोजक एवं वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रचित चौहान, डॉ. संगीता करलेकर, आरके कौरव और संजीत राय बतौर अतिथि मौजूद रहे। मैचों में निर्णायक की भूमिका योगेश और उनकी टीम ने निभाई। क्रीड़ा अधिकारी घनेंद्र सिंह चौधरी और क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अंजना जायसवाल के निर्देशन में स्पर्धा का सफल आयोजन हुआ।

## अखिल भारतीय मल्लखम्ब स्पर्धा में तकनीकी अधिकारी बने उज्जैन के राहुल

### झांसी में 29 सितंबर तक होगा राष्ट्रीय आयोजन, दशहरा मैदान स्थित पीएम श्री स्कूल में हैं खेल शिक्षक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के खेल शिक्षक राहुल बारोड़ को झांसी में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय मल्लखम्ब प्रतियोगिता 2026 में तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे दशहरा मैदान स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में उज्जैन को मिली इस अहम जिम्मेदारी से खेल जगत में हर्ष का माहौल है। यह तीन दिवसीय प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 27 से 29 सितंबर तक झांसी के श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर खण्डेराव गेट में आयोजित की जा रही है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के मल्लखम्ब खिलाड़ी और टीमें हिस्सा ले रही हैं। राहुल बारोड़ का चयन उनकी खेल विशेषज्ञता, लंबे अनुभव और मल्लखम्ब के प्रति निरंतर दिए गए योगदान को देखते हुए किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु व्यास ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संस्था के खेल शिक्षक को तकनीकी अधिकारी की जिम्मेदारी मिलना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि से विद्यालय की छात्राओं में भी खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ेगा। बारोड़ की इस सफलता पर विद्यालय परिवार, खेल जगत और खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आयोजन और चयन के संबंध में यह जानकारी मोहन सिंह ने दी।

---

# खुद को नारकोटिक्स टीआई बताकर 4.45 करोड़ रुपए की ठगी

### रतलाम में महिला गिरफ्तार, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बनकर दी थी धमकी, महिला बोली- मुझ पर लगाए आरोप झूठे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

खुद को मंदसौर की नारकोटिक्स टीआई और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बताकर प्रॉपर्टी ब्रोकर से 4.45 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में गिरफ्तार महिला सपना ठाकुर (टांक) का पुराना रिकॉर्ड भी पुलिस जांच में सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, महिला पर पहले भी पेट्रोल पंप खुलवाने और मेडिकल कॉलेज में एंबुलेंस लगाने के नाम पर कुल 29.91 लाख रुपए की ठगी के मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से एक मामले में वह जेल भी जा चुकी है।

रतलाम के तेजा नगर निवासी प्रॉपर्टी ब्रोकर रुपेश चरपोट की शिकायत पर माणकचौक थाना पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में 3.45 करोड़ रुपए नकद और करीब 1 करोड़ रुपए का मकान झांसे में लेकर अपने नाम कराने का आरोप है। महिला को कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन का पुलिस रिमांड मिला है। पुलिस उसके मोबाइल, बैंक खातों और कॉल डिटेल की भी जांच कर रही है।



पुलिस जांच में सामने आया है कि महिला अलग-अलग मामलों में अलग नामों का इस्तेमाल करती थी। मार्च 2024 में उसने खुद को सपना ठाकुर उर्फ संजू यादव बताते हुए रतलाम के शशांक नीलकंठ से पेट्रोल पंप खुलवाने के नाम पर 18 लाख रुपए लेने का आरोप है। इस मामले में केस दर्ज हुआ था, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

मई 2021 में मंदसौर के धुंधड़का निवासी चंद्रपाल सिसोदिया से मेडिकल कॉलेज में एंबुलेंस लगाने के नाम पर 11.91 लाख रुपए लेने का आरोप है। इस मामले में महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में उसे जमानत मिल गई थी।

#### खुद को नारकोटिक्स टीआई बताकर संपर्क किया

प्रॉपर्टी ब्रोकर रुपेश चरपोट ने बताया कि उसे रतलाम के हुंडी दलाल विजय लोढ़ा से करीब 30 लाख रुपए लेने थे। विजय लोढ़ा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद सपना ठाकुर नाम की महिला ने उसे फोन किया। उसने खुद को मंदसौर की नारकोटिक्स टीआई बताते हुए विजय लोढ़ा से रुपए रिकवर कराने की बात कही और एफआईआर की कॉपी मांगी। चरपोट के मुताबिक, इसके बाद महिला लगातार विजय लोढ़ा से रुपए वापस दिलाने के नाम पर उससे संपर्क करती रही। वह खाकी रंग के कपड़ों में सीएसपी कार्यालय के बाहर भी पहुंची थी। महिला ने विजय लोढ़ा और उसके परिवार के बारे में जानकारी जुटाई और प्रॉपर्टी ब्रोकर से लगातार बातचीत करती रही।

**धमकी देने का भी आरोप-** चरपोट का आरोप है कि बाद में महिला ने उसे अपने प्रभाव में ले लिया। वह जब भी रुपए मांगता तो उसे धमकाया जाता था। आरोप है कि महिला ने खुद को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बताते हुए गोली लगने का निशान दिखाया और परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। चरपोट के मुताबिक, महिला ने उसका मकान और एक प्लॉट भी अपने नाम करा लिया। उसने रजिस्ट्री से जुड़े मामले में वीडियो भी बनवाया, जिसमें वह महिला के कहने के मुताबिक बोलता रहा।

**जीजा से भी 15 लाख रुपए लेने का आरोप-** चरपोट के जीजा कमल मल्हार से भी महिला के जरिए करीब 15.45 लाख रुपए लेने का आरोप है। कमल मल्हार का मुंबई में सिल्वर गिफ्ट आइटम का कारोबार है। उनके मुताबिक, मुंबई में रुपए और सामान से जुड़े एक पुराने विवाद का सेटलमेंट कराने के नाम पर महिला ने मुंबई, वापी और वकील को देने के नाम पर अलग-अलग रकम ली। कमल मल्हार का आरोप है कि बाद में रुपए वापस मांगने पर महिला ने फोन उठाना बंद कर दिया। उन्होंने धमकी देने के आरोप से इनकार करते हुए कहा कि अगर महिला के पास ऐसी कोई रिकॉर्डिंग है तो वह पुलिस को दे सकती है।

# जौहर विवाद पर बोलीं स्वरा

## मेरे नाम पर लोगों को नौकरी मिल रही; स्वरा के बयान पर शहजाद और सिवेत के बीच हाथापाई

एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने फिल्म 'पद्मावत' के जौहर सीन पर दिए अपने विवादित बयान पर खुल कर बात की है। स्क्रीन को दिए एक इंटरव्यू में स्वरा ने इस पूरे विवाद को राजनीतिक आईटी सेल का प्रायोजित एजेंडा बताया है। स्वरा ने कहा कि कुछ लोग उनके नाम पर अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं।

स्वरा अभी रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में नजर आ रही हैं। शो के हालिया प्रोमो में स्वरा के इसी विवादित बयान को लेकर कंटेस्टेंट शहजाद पूनावाला और सिवेत तोमर के बीच तीखी बहस हो गई, जो हाथापाई तक पहुंच गई। इंटरव्यू में स्वरा भास्कर ने कहा कि यह करीब 10 साल पुराना विवाद है, जिसे बार-बार बिना वजह उछाला जा रहा है। साल 2018 में जब उन्होंने ओपन लेटर लिखा था, तब भी उन्हें काफी गालियां मिली थीं। अब सिर्फ एक सवाल का जवाब देने पर लोग फिर से वही पुरानी बातें पकड़कर बैठ गए हैं।

स्वरा ने तंज कसते हुए कहा, ₹कुछ लोगों को मेरे नाम पर नौकरी मिल रही है। वे दिन भर एक पूरी टीम को सिर्फ मुझे ट्रोल करने की ट्रेनिंग देते हैं। अगर मेरे नाम का इस्तेमाल करके, झूठी खबरें फैलाकर और मुझे परेशान करके आपकी नौकरी चल रही है, तो इस दिवाली आपको मुझे थैंक यू नोट के साथ एक गिफ्ट हैम्पर जरूर भेजना चाहिए।

### 'मैंने जौहर को कायरता नहीं कहा, बयानों को गलत दिखाया'

अपने बयान पर सफाई देते हुए स्वरा ने कहा कि उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने कहा, मैंने यह कभी नहीं कहा कि जौहर करने वाली महिलाएं कायर थीं। मैंने सिर्फ इतना कहा था कि अगर मैं खुद एक रेप सर्वाइवर होती और ऐसा महिमामंडन देखती, तो मुझे खुद पर कायर जैसा महसूस होता।

मीडिया और ट्रोल्स ने इसे इस तरह दिखाया जैसे मैंने जोहर को कायरता कह दिया हो। स्वरा ने दावा किया कि राजनीतिक पार्टियों का आईटी सेल एक सोचे-समझे प्लान के तहत उनके बयानों को उछालकर अपना एजेंडा साधता है।

### 'राइज एंड फॉल' शो में स्वरा के बयान पर हाथापाई

रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल सीजन 2' की शुरूआत के साथ ही स्वरा के बयान पर लड़ाई देखने को मिला है। शो के प्रोमो में पूर्व भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और सिवेत तोमर के बीच तीखी बहस दिखाई गई है।

# रणबीर कपूर ने फैंस संग मनाया 44वां जन्मदिन

## बांद्रा में बंगले के बाहर काटे 3 केक; आलिया भट्ट के साथ बालकनी से फैंस को कहा शुक्रिया

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर सोमवार 28 सितंबर को 44 साल के हो गए हैं। इस खास मौके पर रणबीर ने मुंबई के पाली हिल स्थित अपने नए बंगले 'कृष्ण राज' के बाहर जमा फैंस और पैपराजी के साथ बिर्थडे सेलिब्रेट किया।

कैजुअल लुक में घर से बाहर निकले रणबीर ने पैपराजी के साथ तीन बड़े केक काटे और फैंस का शुक्रिया अदा किया। इसके बाद वे अपनी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ बंगले की बालकनी में आए और हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। रणबीर कपूर अपने जन्मदिन पर बेहद खुश और कूल अंदाज में नजर आए। उन्होंने ग्रे कलर का को-ऑर्ड सेट, वाइट स्नीकर्स और ब्लैक गॉगल्स पहन रखे थे। बंगले के मेन गेट पर फैंस और फोटोग्राफर्स उनका इंतजार कर रहे थे।

रणबीर ने घर से बाहर आकर पैपराजी का अभिवादन किया और उनके लाए तीन बड़े केक एक-एक करके काटे। उन्होंने फैंस के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। केक काटने के कुछ देर बाद वे पत्नी आलिया भट्ट के साथ बंगले की बालकनी में नजर आए। दोनों ने नीचे खड़े फैंस और मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया और उनके प्यार व शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

### नवंबर में 'कृष्ण राज' बंगले में शिफ्ट हुए थे रणबीर-आलिया

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट नवंबर 2025 में अपने इस नए छह मंजिला बंगले में शिफ्ट हुए थे। बांद्रा के पाली हिल इलाके में स्थित यह आलीशान बंगला कपूर परिवार की पैतृक संपत्ति पर फिर से बनाया गया है।

इस बंगले का नाम रणबीर की दादी कृष्णा राज कपूर के नाम पर 'कृष्ण राज' रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस छह मंजिला बंगले की कीमत लगभग 250 करोड़ रुपए बताई जाती है। रणबीर डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वार' में



काम कर रहे हैं। इस फिल्म में वे विक्की कौशल और आलिया भट्ट के साथ लव ट्रायंगल ड्रामा में आर्मी ऑफिसर की भूमिका में दिखेंगे।

फिल्म में रणबीर मोटी मूंछों, खून के दाग वाली शर्ट और गॉगल्स में दिखाई दे रहे हैं। उनका लुक किरदार के रफ और मजबूत अंदाज की झलक देता है। शर्ट पर खून के दाग फिल्म की डार्क और एक्शन से भरपूर कहानी की ओर इशारा करते हैं। वहीं, गॉगल्स उनके किरदार को स्टाइलिश लुक दे रहे हैं।

# हनुमान अंश ने वर्ल्डवाइड कमाए 400 करोड़ रुपए



महज 2 करोड़ के बजट में बनी फिल्म हनुमान अंश ने 52 दिनों में 400 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने 52वें दिन यानी रविवार को रिकॉर्ड 9 करोड़ रुपए की कमाई की है। इस मामले में इसने धुरंधर और धुरंधर 2 जैसी बड़ी फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिन्होंने 52वें दिन 1-2 करोड़ ही कमाए थे। इसी के साथ हनुमान अंश मिजार्पुर, भूत बंगला जैसी फिल्मों को पछाड़ते हुए साल की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड भी बना चुकी है।

फिल्म हनुमान अंश ने शुक्रवार, 25 सितंबर को सिनेमाघरों में अपने 50 दिन पूरे कर लिए। आमतौर पर इतनी लंबी अवधि के बाद ज्यादातर फिल्मों की कमाई धीमी पड़ने लगती है, लेकिन 'हनुमान अंश' के मामले में ऐसा नहीं हुआ। शनिवार (26 सितंबर) को फिल्म ने 6.50 करोड़ और रविवार (27 सितंबर) को 9 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन अब 401.20 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म ने 52वें दिन सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड बनाया है।

इसमें भारत से 362.70 करोड़ रुपये और विदेशों से 38.50 करोड़ रुपये की कमाई शामिल है। फिल्म की विदेशों में रिलीज 11 सितंबर को होम्बले फिल्म्स के जरिए शुरू हुई थी, इसलिए वहां इसका सफर अभी शुरूआती दौर में है। आने वाले दिनों में वर्ल्डवाइड कमाई और बढ़ने के अनुमान हैं।

इस फिल्म के 49वें दिन यानी 25 सितंबर को सिनेमाघरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा- तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म द-वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट रिलीज हुई। फिल्म ने 8 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया, जबकि इस दिन हनुमान अंश ने 3.35 करोड़ कमाए। फिल्म वी-वन ने 33 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है।

# तेरे ही भरोसे हनुमान सिंगर की आंखो का इलाज होगा




फिल्म हनुमान अंश में 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान भजन गाकर फेमस हुए सुनील लोधी की आंखो का इलाज होगा। फिल्म प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर ने सुनील के इलाज में मदद करने की पहल की है। अनुप्रिया ने बताया कि सुनील के मुंबई आने पर उनकी आंखों की विशेषज्ञ से जांच कराई जाएगी और नवंबर से उनके ट्रीटमेंट की शुरूआत होने की उम्मीद है।


हालांकि, अभी अस्पताल और इलाज की पूरी प्रक्रिया तय नहीं हुई है। सुनील लोधी बचपन से ही दृष्टिबाधित हैं। अनुप्रिया ने बताया कि सुनील जब पिछली बार मुंबई आए थे, तब उन्होंने उनके लिए आई-स्पेशलिस्ट से अपॉइंटमेंट भी लिया था, लेकिन वह जांच नहीं हो पाई।

सुनील लोधी बचपन से दृष्टिबाधित हैं। अनुप्रिया ने कहा कि सुनील से बातचीत के दौरान उन्हें उनकी सोच और आस्था ने बहुत प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद सुनील अपनी सफलता और जीवन में मिले प्यार का श्रेय हनुमान जी को देते हैं। अनुप्रिया ने कहा, जब मैं सुनील भैया से बात करती हूं, तो मैं ये महसूस करती हूं कि लोगों में इतना फ्रस्ट्रेशन रहता है। वो कभी-कभी भगवान को भी बोलते हैं कि आप मेरे साथ नहीं हो, आप मेरे अगेंस्ट हो। लेकिन जब मैं सुनील भैया से बात करती हूं, वो हमेशा अपना पूरा क्रेडिट महाराज जी, हनुमान जी को देते हैं। इसी भावना ने उन्हें सुनील के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित किया। अनुप्रिया के शब्दों में, वो बचपन से विजुअली इम्पेयर्ड हैं, नेत्रहीन हैं। मैं चाहती थी कि अगर वो प्यार को महसूस कर सकते हैं, तो मैं चाहती हूं कि वो प्यार को देख भी सकें।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

टीचरः आज तुम स्कूल देर से क्यों आए हो?
छात्रः सड़क पर लिखे बोर्ड की वजह से लेट हुआ।
टीचरः कैसा बोर्ड?
छात्रः बोर्ड पर लिखा था- आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें

भिखारीः भाई, एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूँ।
राहगीरः तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारीः वजन देखना है कि कितना घटा है।

## वर्ग पहेली





### बाएं से दाएं

1. पेड़, दरख्त-2
3. प्रार्थना, पूजना-4
6. आदर्श, पैमाना-3
8. त्वचा, चमड़ी, खाल-2
10. सड़ने की प्रक्रिया, गलन-3
12. देव, देवता-2
13. चलने का ढंग-2
14. प्रशंसा, गुणगान-3
16. आरामदायक-5
17. कक्ष, रुम-3
19. हिंदू कैलेंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20. 500 कागजों की गड्डी-2
21. कबाड़, खराब वस्तु-3
24. मजा, मस्ती-2
26. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28. शोरगुल, -4
29. तह, परत-2

### ऊपर से नीचे

2. माफी-2
3. झूठी शान, घमंड-3
4. गर्दन से नीचे का शरीर, देह-2
5. अपराध, गुनाह-2
7. रग, नाड़ी-2
8. सूत कातने का यंत्र-3
9. एकाएक-4
11. शीश झुकाए हुए-5
12. भोर, प्रातः -3
15. ननद का पति-4
16. विश्राम, राहत-3
18. रोगी, बीमार-3
22. उच्चतम-3
23. गरबा, नृत्य-2
24. मृत्यु-2
25. रास्ता, मार्ग-2
27. आनंदित, मौजी-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | | 38 | | 50 | | 24 | = | 96 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 4 | | 23 | | 40 | | 10 | = | 62 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 12 | | 4 | | 10 | | 3 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 10 | | 25 | | 35 | = | 0 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 28 | | 9 | | 45 | | 2 | = | 24/32 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | म | मा | यु | क | प | ना | न | ह | क | रा | | | |
| ह | वि | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | का | ज | | | |
| रो | दी | या | द | अं | ल | त | र | म | ल | दी. | | | |
| ह | र | या | ख | ल | क | ज | ओ | र | सु | म | | | |
| र | ब | क | ष | ल | म | मी | छ | हे | नो | स्ती | | | |
| प | मी | क्षा | स | जि | त्या | क | प | म | त | क | | | |
| के | ह | बु | की | दी | म | मी | टे | डि | रू | प | | | |
| न | पू | सु | पा | क | पं. | शी | ल | ली | र | स | | | |
| के | प | की | यू | ह | प | से | ने | व | जी | त | | | |
| म | ब | म | ब | प्य | दी | र | ह | ती | क | ध | | | |
| म | ह | म | प्या | रे | मो | ह | न | ज | स | ब | | | |

शब्दजाल में विवेक ओबराय की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

---

नक्शा, रोड़, साथिया, कंपनी, युवा, ओमकारा, मस्ती, प्यारे मोहन, होम डिलीवरी, काल.

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 6 | | 5 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | |
| | 5 | 3 | | 1 | | |
| 5 | 37 | 6 | 33 | | 29 | 3 |
| | 3 | | 4 | | | 1 |
| | 29 | 5 | 32 | | 40 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | - | 12 | - | 25 | + | 5 | = | 21 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | x | ■ | + |
| 15 | + | 23 | - | 21 | + | 3 | = | 20 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 20 | x | 4 | - | 20 | - | 20 | = | 40 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 13 | + | 1 | + | 20 | - | 15 | = | 18 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | = | 39 | - | 46 | + | 20 | = | 39 |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 3 | 27 | 6 | 33 | 6 | 39 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 31 | 5 | 32 | 7 | 38 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# नेपाल के हिमालय में हिमस्खलन, 4 की मौत, 12 लापता

## बेस कैंप में सो रहे लोगों पर बर्फ गिरी; रेस्क्यू टीम 24 घंटे बाद पहुंची, चढ़ाई की तैयारी में जुटे थे गाइड और वर्कर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल के मनांग जिले में 7,126 मीटर ऊंचे हिमलुंग हिमाल पर रविवार को हिमस्खलन हो गया। हादसे के समय गाइड और उनके साथ काम करने वाले लोग एक टेंट में सो रहे थे। हिमस्खलन की चपेट में आने से टेंट बर्फ के नीचे दब गया। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 लोग लापता हैं। हादसे के बाद रविवार को ही बचाव दल के कुछ सदस्य मौके पर पहुंच गए थे और दो शव बरामद कर लिए थे।

हालांकि खराब मौसम और उड़ान में दिक्कत के कारण पूरी टीम बेस कैंप तक नहीं पहुंच सकी। सोमवार सुबह हेलिकॉप्टर से बाकी बचावकर्मियों को बेस कैंप पहुंचाया गया। जिस टेंट पर हिमस्खलन गिरा, उसमें कुल 22 लोग मौजूद थे। इनमें 9 पर्वतारोही और 13 लोग सपोर्ट स्टाफ के थे। ये लोग आने वाले पर्वतारोहण सीजन की तैयारी के लिए वहां पहुंचे थे। उनका काम चढ़ाई का रास्ता तैयार करना, रस्सियां लगाना और बेस कैंप तैयार करना था। हिमस्खलन के बाद 12 लोग लापता हो गए।





### ऊंचे पहाड़ों की चढ़ाई के लिए हिमलुंग में ट्रेनिंग लेते हैं पर्वतारोही

हिमलुंग हिमाल 7,126 मीटर ऊंचा है और तिब्बत सीमा के पास स्थित है। यह इलाका काफी दूरदराज है, इसलिए यहां पहुंचना आसान नहीं है। एवरेस्ट और मनास्लू जैसी 8,000 मीटर से ऊंची चोटियों पर चढ़ने वाले पर्वतारोही यहां आकर कम ऑक्सीजन और ज्यादा ऊंचाई में अपने शरीर को ढालने की तैयारी करते हैं। हिमलुंग पर चढ़ाई कुछ दूसरी बड़ी चोटियों के मुकाबले कम मुश्किल मानी जाती है। फिर भी यहां पर्वतारोहियों को बर्फीली ढलानों पर फिक्स्ड रोप, जुमार और क्रैम्पॉन के साथ चढ़ने का अच्छा अभ्यास मिलता है। यानी बड़ी और ज्यादा ऊंची चोटियों पर जाने से पहले यहां चढ़ाई के जरूरी तरीकों को आजमाने का मौका मिलता है।

### नेपाल में पहाड़ टूटकर नदी में गिरा, मलबा भरा

नेपाल के मुस्तांग जिले में रविवार को भारी बारिश के बीच पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर कालीगंडकी नदी में जा गिरा। इस घटना में 14 लोगों की मौत हुई है। वायरल वीडियो में चट्टानों और मिट्टी का पूरा मलबा कुछ ही सेकेंड में ढलान से नीचे आता दिख रहा है। देखते-देखते नदी का रास्ता मलबे से भर गया। इधर, बाढ़ का पानी बढ़ने से नारायण नदी में बंधे एक क्रूज शिप की रस्सी टूट गई। इसके बाद जहाज करीब 100 मीटर तक नदी के बहाव के साथ बहता हुआ चला गया और पुल के पिलर से टकरा गया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- चुनाव आयोग टीएमसी विवाद सुलझाए

## पार्टी का नाम-सिंबल फ्रीज; शिवसेना का केस 4 साल, एनसीपी का 3 साल से पेंडिंग



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और फूल-पत्ती चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद पर फैसला देने की समय-सीमा तय की। कोर्ट ने दोनों गुटों को एक महीने में अपनी दलीलें पूरी करने और इसके बाद चुनाव आयोग को तीन महीने में फैसला देने का निर्देश दिया।

यानी पूरी प्रक्रिया 4 महीने में पूरी करनी होगी। चुनाव आयोग ने विवाद को सुलझाने के लिए 6 महीने का समय देने की अपील की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। यह आदेश ममता बनर्जी की याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। उन्होंने चुनाव आयोग के उस अंतरिम फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें टीएमसी के नाम और चुनाव चिह्न का इस्तेमाल रोक दिया गया था।

शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न से जुड़ा विवाद करीब 4 साल से पेंडिंग है, जबकि एनसीपी का मामला भी 3 साल से पेंडिंग है। दोनों मामलों में अलग-अलग गुटों ने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा किया है।

### 4 साल में ऐसे 2 मामले, NCP और शिवसेना टूट चुकीं

| पार्टी | विवाद | इलेक्शन सिंबल का क्या हुआ? | बाद में क्या हुआ? |
|---|---|---|---|
| शिवसेना | उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट में विभाजन | अक्टूबर 2022 में EC ने अंतरिम तौर पर 'धनुष-बाण' फ्रीज किया। फरवरी 2023 में शिंदे गुट को शिवसेना का नाम और धनुष-बाण सिंबल मिला। | उद्धव गुट को शिवसेना (UBT) नाम और 'जलती मशाल' सिंबल मिला। |
| NCP | शरद पवार और अजित पवार गुट में विभाजन | EC ने फरवरी 2024 में अजित पवार गुट को NCP का नाम और 'घड़ी' सिंबल दिया। | शरद पवार गुट ने NCP (शरद पवार) नाम और 'तुरही बजाता आदमी' सिंबल अपनाया। |

### कोर्ट ने कहा- विवाद सुलझाने के लिए एआई का इस्तेमाल करें

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सुझाव दिया है कि वे टीएमसी विवाद को जल्दी सुलझाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करें। कोर्ट ने कहा कि इन आधुनिक तकनीकों की मदद से जटिल कानूनी दस्तावेजों को पढ़ने और समझने का काम बहुत तेजी से हो सकता है, जिससे यह पूरा मामला 6 महीने की बजाय सिर्फ 3 महीने में ही निपटाया जा सकेगा।

### चुनाव आयोग ने दोनों गुटों को अलग नाम और चिन्ह दिए

बंगाल की दो विधानसभा सीटों नंदीग्राम और रेजीनगर में 6 अक्टूबर को उपचुनाव हैं। टीएमसी के दोनों गुटों ने असली नाम और सिंबल पर चुनाव लड़ने की मांग की थी। ईसी ने 17 सितंबर को ममता बनर्जी और अरूप रॉय के नेतृत्व वाले दोनों गुटों के नेताओं की सुनवाई की थी। सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने टीएमसी नाम और चुनाव चिन्ह फ्रीज कर दिया।

आयोग ने 18 सितंबर को ममता बनर्जी के गुट को ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और फुटबॉल खिलाड़ी का चिह्न दिया, जबकि दूसरे गुट को डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस और लिफाफा दिया गया है।

### बंगाल चुनाव के बाद TMC में टूट

- **4 मई 2026:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में TMC की हार हुई। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी भी भवानीपुर सीट से चुनाव हार गईं।
- **11 मई:** सौमेंदु चट्टोपाध्याय को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी के कुछ विधायकों में असंतोष बढ़ा।
- **22 मई:** बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी ने दिल्ली में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की।
- **27 मई:** ऋतब्रत बनर्जी और सौम्यन साहा ने स्पीकर को पत्र लिखकर नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति में फर्जी हस्ताक्षर के आरोप लगाए।
- **1 जून:** TMC ने ऋतब्रत बनर्जी और सौम्यन साहा को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया।
- **3 जून:** 58 बागी विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी को अपना नया नेता चुने जाने की जानकारी स्पीकर को दी। इसके बाद विधानसभा में TMC के भीतर टूट सामने आई। इसी दिन ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली TMC ने सभी राज्य स्तरीय संगठनात्मक समितियां भंग कर दीं।
- **8 जून:** राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने चुनाव प्रबंधन में खामियों का हवाला देते हुए राज्यसभा और पार्टी, दोनों से इस्तीफा दे दिया।
- **14 जून:** लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी के नेतृत्व में 20 बागी सांसदों ने TMC छोड़कर NCP को समर्थन देने का ऐलान किया और NCP में विलय किया।
- **2 जुलाई:** ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में बागी गुट ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर TMC के नाम, चुनाव चिह्न और झंडे पर दावा किया।
- **17 सितंबर:** चुनाव आयोग ने TMC के नाम-सिंबल के इस्तेमाल पर रोक लगाई।
- **18 सितंबर:** दोनों गुटों को बंगाल में उप-चुनाव के लिए नया नाम और चुनाव चिह्न दिए गए। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई।
- **24 सितंबर:** सुप्रीम कोर्ट ने EC से पूछा कि TMC के नाम और चुनाव चिह्न विवाद पर फैसला कब तक लेंगे। आयोग फैसले की टाइमलाइन बताए।
- **28 सितंबर:** चुनाव आयोग को TMC विवाद पर फैसला लेने के लिए 4 महीने का समय दिया।

# थप्पड़ विवाद-प्रवेश की केजरीवाल को चेतावनी

## सरकारी काम रोकना बर्दाश्त नहीं करूंगा; राहुल गांधी से कहा- आप रहने दो भाई, आपको कुछ नहीं पता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को चेतावनी दी है कि सरकारी काम रोकने वाले आप नेताओं और समर्थकों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बयान केजरीवाल के उस वीडियो संदेश के बाद आया, जिसमें उन्होंने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया था। केजरीवाल ने कहा था कि देश का जेन-जी, सरकार से ईमानदारी और साफ रवैए की उम्मीद करता है।

वहीं, राहुल गांधी के तंज का जवाब देते हुए पर लिखा है कि राहुल जी, आप रहने दो भाई, आपको कुछ नहीं पता। यह विवाद तिलक नगर में सड़क निरीक्षण के दौरान एक युवक को थप्पड़ मारने से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर 27 सितंबर को इसका वीडियो सामने आया था। प्रवेश वर्मा दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। विवाद के बाद उन्होंने दावा किया कि युवक जेन-जी नहीं, बल्कि आदतन अपराधी है। दिल्ली पुलिस ने तिलक नगर विवाद के सिलसिले में जान-बूझकर चोट पहुंचाने के आरोप में प्रवेश वर्मा के खिलाफ नॉन-कॉग्निजेबल रिपोर्ट दर्ज की है।



### राहुल गांधी पर तंज कसा

प्रवेश ने राहुल गांधी का पोस्ट कोट करते हुए लिखा- राहुल जी आप रहने दो भाई, आपको कुछ नहीं पता। दरअसल, थप्पड़ वाला वीडियो वायरल होने के बाद राहुल ने कहा था- दिल्ली की इखढ सरकार के एक मंत्री वीडियो में एक नौजवान को थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। ये उस सत्ता का चेहरा है जिसे अब वोटर से डर लगना बंद हो गया है।

### प्रवेश वर्मा के बयान

**पहला:** 2.56 मिनट के वीडियो में रखा पक्ष- प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि विधायक जरनैल सिंह कई दिनों से ढहऊविभाग के इंजीनियरों से उनके लिए कमीशन दिलवाने की मांग कर रहे थे। प्रवेश ने खुद फोन करके जरनैल को बुलाया, वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ तिलक नगर पहुंचे। प्रवेश बोले- ह्यउनके एक कार्यकर्ता ने परिवार को गाली दी, तो ऐसी स्थिति में कोई भी गुस्से में प्रतिक्रिया देगा, और मैंने भी वही किया।

**दूसरा:** 3.09 मिनट का वीडियो, इसमें लोगों से बातचीत- प्रवेश कह रहे हैं- मैं केवल अपने इंजीनियर के साथ गुरुद्वारे की रोड देखने गया था। मगर विधायक अपने हिस्ट्रीशीटर गुण्डों को लेकर आया। बदतमीजी, गाली-गलौच पर उतर आए। हिंसक हो गए। मेरा मकसद केवल विकास करने का है, अगर कोई उसमे रुकावट डालेगा तो बर्दाश्त नहीं करुंगा। थप्पड़ खाने वाला युवक आदतन अपराधी, आपका ड्रामा बेकार- केजरीवाल के बयान पर जवाब देते हुए वर्मा ने कहा, आपका जेन-जी वाला ड्रामा काम नहीं करेगा। वह कोई जेन-जी नहीं है। वह ऐसा गुंडा है, जिसके खिलाफ तीन महीने पहले एससीडी अधिकारी से मारपीट की एफआईआर दर्ज हुई थी। उसे गिरफ्तार भी किया गया था।

### राजस्थान में पूर्व सीएम गहलोत पर वाटर कैनन चली

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का 15 राज्यों में प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देश के 15 राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात, दिल्ली और केरलम में प्रदर्शन किया। इसके अलावा, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, तेलंगाना, कर्नाटक में भी प्रदर्शन हुए। यूपी के आगरा में कांग्रेस कार्यकताओं ने उएउ ज्ञानेश कुमार के घर पर कालिख पोती और लिखा- ज्ञानेश कुमार गद्दार, वोट चोर।

राजस्थान के जयपुर में विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई। विरोध में पर्व सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी शामिल थे। कांग्रेस पार्टी का दावा है कि वोटर लिस्ट की एसआईआर में गड़बड़ी की गईं। कांग्रेस का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार चुनाव आयोग में मनमानी कर रहे हैं और दो अन्य आयुक्तों की बात नहीं सुन रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी का ये आरोप इंडियन एक्सप्रेस में छपी उस खबर के बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले 10 महीनों में 14 बार दोनों चुनाव आयुक्तों ने आयोग के फैसलों पर आपत्ति जताई है।

### कॉकरोच पार्टी का गांधी जयंती पर जेल भरो आंदोलन

कॉकरोच जनता पार्टी ने 24 सितंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे में इस्तीफा देने का अल्टीमेटम दिया था। पार्टी ने कहा कि अगर उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा। मुंबई पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी के 2 अक्टूबर को शिवाजी पार्क में होने वाले प्रदर्शन को परमीशन नहीं दी। उधर सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- नागरिकों की आवाज दबाने की ऐसी कोशिशें स्वीकार्य नहीं हैं। अगर हमें प्रदर्शन करने के अधिकार से वंचित किया गया, तो सीजेपी गांधी जयंती के दिन मुंबई में जेल भरो आंदोलन शुरू करेगी।

### राहुल ने वोट चोरी का आरोप लगाया

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग, रक्फ़ और वोटर लिस्ट से जुड़े विवादों पर गुरुवार को 55 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने वोट चोरी की है। वे देशद्रोही हैं। मैंने उनकी नियुक्ति का विरोध किया था, लेकिन सरकार ने मेरी बात नहीं मानी।

# राहुल गांधी दिल्ली की झुग्गी बस्ती पहुंचे, लोगों से मिले

## एसडीएम से पूछा- पूरी बस्ती के वोटर गायब कैसे, सिर्फ एक नाम बचा; एसआईआर में 47 लाख नाम कटे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी सोमवार को दिल्ली में यमुना किनारे बसी बेला एस्टेट की झुग्गी बस्ती में पहुंचे। राहुल ने एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया, जिसमें बताया कि यहां 728 लोग रहते हैं। एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट में सिर्फ एक नाम बचा, बाकी 727 नाम काट दिए गए।

राहुल ने बताया कि ये लोग दशकों से यहां रह रहे हैं। 2024 के लोकसभा, 2025 के दिल्ली चुनाव में वोट डाल चुके हैं। 2023 में इनके घर तोड़ दिए गए थे, पर ये कहीं नहीं गए, यहीं हैं।

राहुल ने इन लोगों के बीच बैठकर ही एसडीएम को फोन लगाया। उन्होंने पूछा कि मकान होने या न होने का वोट के अधिकार से कोई कनेक्शन नहीं है। राहुल ने दावा किया कि खुद सीईसी ज्ञानेश कुमार कह चुके हैं कि हाउस नंबर 0 बेघरों के लिए है। फिर भी 727 लोगों का नाम क्यों काट दिया गया। राहुल ने जब एसडीएम को फोन किया तो अधिकारी कांग्रेस सांसद को जवाब नहीं दे पा रहे थे। इसी बीच राहुल ने कहा कि आप अपना नाम बताइए, मैं आपको दूसरे तरीके से देखूंगा। 31 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 97 लाख नाम हैं। इससे पहले दिल्ली में 1.45 करोड़ वोटर थे। मतलब करीब 47.5 लाख नाम लिस्ट में नहीं आए। 33 लाख से ज्यादा वोटरों को उनके एन्यूमरेशन फॉर्म में गड़बड़ियों के कारण नोटिस भेजे गए हैं।



इनमें से कई मामलों में डेटा का मिलान 2002 में हुए पिछले एसआईआर के दौरान तैयार वोटर लिस्ट से नहीं हो पाया।

दिल्ली चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि बूथ-लेवल ऑफिसर्स उन वोटर्स के घर जाकर डॉक्यूमेंट्स इकट्ठा करेंगे, जिन्हें वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के तहत की जा रही है।

चुनाव आयोग ने 25 सितंबर को दिल्ली में चल रहे एसआईआर के तहत दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय-सीमा एक महीने बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी थी, और अब फाइनल वोटर लिस्ट 4 दिसंबर को जारी की जाएगी।

### सोशल मीडिया अकाउंट बनाने के लिए 18 की उम्र जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सरकार से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 18 साल से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट को लेकर कानून बनाने पर विचार करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों से जुड़े भारतीय कानूनों का पालन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को करना होगा। नाबालिग 18 साल से कम उम्र के होते हैं और खुद कानूनी अनुबंध नहीं कर सकते।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में सोशल मीडिया और दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बच्चों की सुरक्षा की मांग की गई है।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि यह शर्त सिर्फ गाइडलाइन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इंटरमीडियरी नियमों के तहत इसे वैधानिक रूप देने पर विचार करने को कहा।

# गांव बेचना है, कीमत- पानी: तुलशी गांव के लड़कों की शादी तक नहीं हो रही

## महाराष्ट्र की 265 तहसीलें सूखा घोषित, महाराष्ट्र सरकार ने 11 विभागों के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के तुलशी गांव में पानी की कमी से परेशान लोग गांव बेचने जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने एक बोर्ड भी लगाया है। हालांकि गांव की कीमत सिर्फ पानी रखी गई है। बोर्ड में यह भी लिखा है कि आखिर अन्याय कब तक सहन करें। माढा तहसील के इस गांव की 7000 आबादी कई सालों से पानी की समस्या से जूझ रही है। गांव के खेत और कुएं सूख चुके हैं। लोगों को पानी के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

गांव के सरपंच ने यह भी दावा किया है कि जल संकट के कारण गांव के करीब 350 युवकों की शादी नहीं हो पा रही है। राज्य सरकार ने 26 सितंबर को राज्य की 358 में से 265 तालुकों में सूखा घोषित किया है। साथ ही राहत पैकेज की घोषणा भी की है। तुलशी के सरपंच शरद मोरे ने कहा, गांव में हर साल पानी की कमी रहती है। गांव बिक्री के लिए, कीमत-पानी का बोर्ड लगाकर सरकार का ध्यान समस्या की ओर खींचने की कोशिश की गई है।




मोरे ने पहले बताया था कि सीना-माढा योजना के 7वें और 8वें आउटलेट के पास करीब 800 मीटर खुदाई का काम 26 साल से अधूरा है। यह काम पूरा होने पर तुलशी की पानी की समस्या हमेशा के लिए दूर हो सकती है।

### पानी पहुंचाने के लिए मंजूर हुए थे 90 लाख रुपए

2024 में कृष्णा घाटी विकास निगम ने तुलशी समेत सूखाग्रस्त गांवों में सीना-माढा योजना से पानी पहुंचाने की मंजूरी दी थी। इस साल जनवरी में तुलशी के भवानी परकोलेशन टैंक तक बंद पाइपलाइन से पानी पहुंचाने के लिए 2025-26 में 90 लाख रुपए मंजूर किए जाने की घोषणा भी हुई थी। इससे गांव की पेयजल और सिंचाई की समस्या दूर होने की उम्मीद थी। हालांकि मोरे का कहना है कि उन्हें डीपीडीसी से बंद पाइपलाइन के लिए कुछ राशि मंजूर होने की जानकारी मिली है, लेकिन जमीन पर अभी तक ठोस काम शुरू नहीं हुआ है।

### महाराष्ट्र में सूखा पड़ने के 5 कारण



■ वर्ष-12 अंक-326 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

अजरामरवत् प्राज्ञः विद्यामर्थं च साधयेत्।
गृहीत एव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्।।

**भावार्थ** : यह समझते हुए कि बुढ़ापा और मृत्यु नहीं आने वाली है, मनुष्य ने ज्ञान और धन प्राप्त कर लिया है, लेकिन मौत ने हमारे बाल पकड़ लिए हैं, इसे समझें और धर्म का पालन करें।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 29 सितम्बर, 2026

## प्रशासनं निम्नक्षेत्रेषु सम्भाव्य जलप्रलयस्य जलप्रवेशस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रशासनं निम्नक्षेत्रेषु सम्भाव्यजलप्रलयस्य जलप्रवेशस्य च प्रबन्धने, तथैव दुर्बलमार्गेषु तटीयक्षेत्रेषु च आवागमनस्य नियमने केन्द्रीक्रियते चिलिका-सरोवरस्य सतापाडा-जाहनिकुडा-योः मध्ये नौकायानसेवा अपि सावधानतारूपेण स्थगिता इति समाचाराः सूचयन्ति। 11 मण्डलानि उच्चसचेतनायां ओडिशानगरे अत्यधिकतः अत्यन्तं प्रचण्डवृष्टेः पूर्वानुमानस्य मध्यं प्रशासनेन अनेकजिल्हेषु सज्जतां वर्धिता अस्ति। अधिकारिभिः राहत-उद्धार-सम्पदां सज्जं स्थापयितुं निदेर्शाः जारीकृताः सन्ति। मौसमविभागस्य चेतावनीनुसारं अत्यधिकवृष्ट्या नगरीयजलप्लावनस्य, जलप्रलयस्य, भूस्खलनस्य, मृदास्खलनस्य च जोखिमः वर्धते; फलतः प्रशासनं दुर्बलक्षेत्रेषु निकटतया निरीक्षणं कुर्वन् अस्ति।

**विद्या नाम नरस्य कीर्तिरतुला भाग्यक्षये चाश्रयो धेनुः कामदुधा रतिश्च विरहे नेत्रं तृतीयं च सा।**
**सत्कारायतनं कुलस्य महिमा रत्नैर्विना भूषणम् तस्मादन्यमुपेक्ष्य सर्वविषयं विद्याधिकारं कुरु।।**

**भावार्थ** : विद्या एक अतुलनीय प्रसिद्धि है; भाग्य नष्ट होने पर आश्रय देती है, कामधेनु है, वियोग में समान है, तीसरी आंख है, आतिथ्य का मंदिर है, परिवार-महिमा है, रत्नों के बिना आभूषण है; इसलिए अन्य सभी विषयों को छोड़कर ज्ञान के अधिकारी बनो।

## सम्पादकीयम्

### युद्धानि चिरकालात्

धार्मिकपरिचयस्य, परस्परसम्मानस्य, सामञ्जस्यस्य च विषये संघप्रमुखेन उद्धृताः बिन्दवः वर्तमानसन्दर्भे अत्यन्तं महत्त्वपूर्णाः सन्ति। विश्वे धार्मिकसांस्कृतिकपरिचयानां विषये तनावाः वर्धन्ते। युद्धानि चिरकालात् प्रचलन्ति। अन्येषां निराकरणस्य आदत्या संवादस्य मार्गः अवरुद्धः अस्ति। अवश्यं स्मर्तव्यं यत् मानवस्य गौरवः प्रत्येकस्मिन् परिस्थितौ समानः एव तिष्ठति। यदि एतत् स्वीकृतं भवति तर्हि बहवः विग्रहाः निवारयितुं शक्यन्ते। प्रवासिनः कृते सन्देशः : भारतीयप्रवासीभ्यः प्रसारितः 'कर्मभूमिः' (कार्यभूमिः) इति सन्देशः महत्त्वपूर्णः अस्ति, विशेषतः तस्मिन् समये यदा अमेरिकादेशे आप्रवासिनः शङ्कया दृश्यन्ते। ट्रम्प प्रशासनं आप्रवासननीतिषु निरन्तरं कठिनीकरणं कुर्वन् अस्ति। आप्रवासिनः-विशेषतः च भारतीयमूलस्य-आधुनिक-अमेरिका-देशस्य आकारे एतादृशी भूमिकां निर्वहन्ति यत् अमेरिकन-देशीयानां अपेक्षया न्यूनं महत्त्वपूर्णं नास्ति तथापि स्वप्नानां साकारीकरणे साहाय्यं कृतवान् देशस्य प्रति प्रतिबद्धता अक्षीणा एव वर्तते। वास्तविकपरीक्षाः भागवतस्य अभिनयः अयं कार्यक्रमः विवादे मग्नः आसीत्। न्यूयॉर्क-नगरस्य अधिकारी जोह्रान् ममदानी इत्यनेन अस्य आयोजनस्य विरोधः कृतः। परन्तु लोकतन्त्रं विरुद्धदृष्टिकोणमपि समायोजयति इति अवगन्तुं महत्त्वपूर्णम्; अन्येषां श्रोतुं इच्छुकः भवेत्, असहमति-सम्मुखे अपि। अपि च अमेरिकनप्रजातन्त्रस्य बलस्य कारणेन ममदानी स्वयमेव वर्तमानस्थानं प्राप्तवान्। अन्ततः भागवतस्य वचनस्य यथार्थपरीक्षा तेषां व्यावहारिकप्रयोगे एव निहितम् अस्ति।

### मतदातासूचीविवादस्य मध्यं निर्वाचनआयोगेन प्रमुखपरिवर्तनानां घोषणा

# भौतिकसुनवायीतः नामाङ्कनं सुधारणं च प्रति ध्यानं स्थानान्तरं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली




कस्यापि लोकतान्त्रिकव्यवस्थायां नागरिकस्य निर्वाचनसहभागितायाः मौलिकः आधारः निर्वाचनसूचौ पञ्जीकरणं भवति। अस्याः सूचीयाः विशेषसघनपुनरीक्षणस्य विषये देशे सर्वत्र उत्थापितानां चिन्तानां मध्ये निर्वाचनआयोगेन २०२६ तमस्य वर्षस्य सितम्बरमासस्य अनेकाः महत्त्वपूर्णाः प्रशासनिकाः उपायाः घोषिताः। आयोगेन तेषां मतदातानां कृते व्यक्तिगतसुनवायानां आवश्यकता सीमितं कर्तुं निर्णयः कृतः येषां नाम पूर्वाभिलेखेषु नक्शाङ्कनं कर्तुं न शक्यते अथवा येषां विवरणेषु तार्किकविसंगतिः अस्ति।

तदतिरिक्तं नूतनमतदातृणां कृते प्रपत्र-6 इत्यनेन सह सम्बद्धस्य घोषणायाः, निर्वाचनसूचौ नामकरणस्य प्रक्रियायाः, दिल्ली-महाराष्ट्रयोः दावानां आक्षेपाणां च दाखिलीकरणस्य समयरेखायाः विषये उपायाः कृताः सन्ति। आयोगस्य घोषणाः प्रत्यक्षतया तेषां नागरिकानां प्रभावं करिष्यन्ति येषां नाम निर्वाचनसूचीपुनरीक्षणस्य समये निरीक्षणस्य अधीनम् अभवत् अथवा प्रथमवारं मतदातारूपेण पञ्जीकरणं कर्तुम् इच्छुकाः।

एसआईआर इत्यस्य समये श्रवणप्रक्रियायां परिवर्तनम् विशेषसघनपुनरीक्षणस्य समये तेषां मतदातानां पहिचानः भवति येषां वर्तमानसूचना पुराततननिर्वाचन अभिलेखैः सह न मेलति अथवा येषां विवरणेषु विसंगतिः दृश्यते। एतादृशेषु प्रकरणेषु सूचनायाः, श्रवणप्रक्रियायाः च विषये चर्चाः प्रचलन्ति स्म।

इदानीं आयोगेन उक्तं यत् सूचनां प्राप्य स्वयमेव कस्यचित् व्यक्तिस्य शारीरिकं उपस्थितिः श्रवणार्थं न अनिवार्यं भविष्यति। अपवादात्मकान् सन्दर्भान् विहाय प्रक्रिया सरलीकृता भविष्यति।

व्यावहारिकरूपेण अस्य परिवर्तनस्य अर्थः अस्ति यत् निर्वाचनसूचीसम्बद्धानां आक्षेपाणां निराकरणाय प्रशासनिकप्रक्रिया केवलं साक्षात्कारसुनवायेषु न अवलम्बते।

नव मतदातानां कृते प्रपत्र-6 विषये महत्त्वपूर्णं स्पष्टीकरणम् नूतनमतदातारूपेण पञ्जीकरणार्थं प्रपत्र-६ महत्त्वपूर्णं दस्तावेजम् अस्ति। एसआईआर-प्रक्रियायाः कालखण्डे अस्य प्रपत्रस्य सहितस्य घोषणायाः विषये आवश्यकताः अपि विवादस्य चचार्याः च विषयः आसीत्। आयोगेन पूर्वं स्पष्टीकृतं यत् प्रपत्र-६ मध्ये मौलिकः परिवर्तनः न कृतः; तस्य स्थाने एसआईआर इत्यनेन सह सम्बद्धः अतिरिक्तः खण्डः पृथक संलग्नकरूपेण योजितः।

अधुना आयोगस्य घोषणानुसारं वर्तमानस्य एसआईआर-प्रक्रियायाः समाप्तेः अनन्तरं निर्वाचनसूचौ स्वनाम समाविष्टं कर्तुम् इच्छन्तः नूतनाः मतदातारः प्रपत्र-६ सह तां विशिष्टघोषणाम् अदातुम् आवश्यकाः न भविष्यन्ति। एषः परिवर्तनः युवानां अन्येषां च पात्रनागरिकाणां कृते महत्त्वपूर्णः अस्ति ये एसआईआर-कालस्य अनन्तरं मतदातारूपेण पञ्जीकरणं कर्तुम् इच्छन्ति। निर्वाचनसूचिकायां नाम योजयितुं मार्गः उद्घाटितः भविष्यति केवलं विद्यमानमतदातृणां कृते सत्यापनप्रक्रियारूपेण एसआईआर-प्रकरणं दृष्ट्वा पूर्णं चित्रं न गृह्णीयात्। निर्वाचनसूची गतिशीलाः सन्ति; १८ वर्षाणि पूर्णानि भवन्ति चेत् नूतनाः मतदातारः योजिताः भवन्ति, यदा तु स्थानान्तरणं, मृत्युः, द्वितीयकप्रविष्टिः, अन्यकारणानि वा इति कारणेन सुधाराः, लोपाः च भवन्ति। दिल्लीनगरस्य आधिकारिक-एसआईआर-मार्गदर्शिकासु नूतनमतदातृणां कृते प्रपत्र-६ मार्गेण पञ्जीकरणस्य प्रक्रिया अपि वर्णिता अस्ति।

### वन्दे मातरम् इत्यस्य

## ऐतिहासिकप्रयोगस्य उद्धरणं दत्त्वा याचिकायां टिप्पणी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

याचिकायां कानूने प्रयुक्तस्य विकारः इति पदस्य स्पष्टतायाः विषये अपि प्रश्नः कृतः अस्ति। याचिकाकर्तायाः मते यदि व्यापकरूपेण व्याख्या क्रियते तर्हि अस्य पदस्य शैक्षणिकप्रवचनं, कलात्मकव्यञ्जनं, ऐतिहासिकसाहित्यशास्त्रं वा सम्बद्धेषु विषयेषु कानूनीविवादाः उत्पद्यन्ते १९३७ तमे वर्षे निर्णयस्य सन्दर्भः। वन्दे मातरम् इत्यस्य ऐतिहासिकप्रयोगस्य उद्धरणं दत्त्वा याचिकायां टिप्पणी कृता यत् १९३७ तमे वर्षे भारतीयराष्ट्रीयकाङ्ग्रेसेन राष्ट्रियसमागमेषु गीतस्य प्रथमद्वयं छन्दमात्रं गायितुं संकल्पः स्वीकृतः। याचिकायां एतत् ऐतिहासिकं विकासं, तत्कालीनविभिन्नेतृणां मध्ये ये विचाराः अभवन्, तेषां विषये च प्रकाशनं कृतम् अस्ति।

परन्तु २०२६ तमे वर्षे केन्द्रसर्वकारेण प्रवर्तितस्य कानूनस्य आधारः भिन्नः अस्ति। सर्वकारस्य मते अस्य संशोधनस्य उद्देश्यं राष्ट्रगीतस्य कृते यत् वैधानिकसंरक्षणं पूर्वं राष्ट्रगीते प्रदत्तम् आसीत् तत् एव विस्तारयितुं वर्तते। पूर्वयाचिकातः एतत् कथं भिद्यते सर्वोच्चन्यायालयेन पूर्वं २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासस्य २५ दिनाङ्के वन्देमातरम् इत्यस्य विषये अन्यस्मिन् याचिकायां हस्तक्षेपं कर्तुं नकारितम् आसीत्।

## राशिफल

**मेष** : पैसों को लेकर बड़ा फैसला लेने से पहले अच्छी तरह सोच लें। घर-परिवार की किसी जरूरत पर खर्च हो सकता है।

**वृषभ** : प्रेम जीवन में रिश्ते सहज रहेंगे। साथी के साथ किसी जरूरी मुद्दे पर खुलकर बात हो सकती है। घर में माहौल अच्छा रहेगा।

**मिथुन** : अचानक खर्च सामने आ सकता है, इसलिए बजट बिगाड़ने से बचें। प्रेम जीवन में पुरानी नाराजगी दूर करने का मौका मिलेगा।

**कर्क** : आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन पुराने खर्च परेशान कर सकते हैं। घर की किसी जरूरत पर पैसा खर्च होगा।

**सिंह** : अटका हुआ पैसा मिलने की उम्मीद भी बन सकती है। हालांकि अचानक खर्च होने की संभावना बनी रहेगी।

**कन्या** : गैरजरूरी खरीदारी रोकना फायदेमंद होगा। प्रेम जीवन में विचारों का मतभेद हो सकता है, लेकिन बातचीत से मामला संभल जाएगा।

**तुला** : शर्तों को समझे बिना फैसला न लें। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। जरूरी खर्च होंगे, लेकिन स्थिति नियंत्रण में रहेगी।

**वृश्चिक** : आर्थिक मामलों में उधारी से बचना बेहतर रहेगा। प्रेम संबंध में मन की बात दबाकर रखने से परेशानी बढ़ सकती है।

**धनु** : कारोबार में नए संपर्क आगे चलकर फायदा दे सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए कोई नया रास्ता दिखाई देगा।

**मकर** : आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी, लेकिन कोई बड़ा खर्च बजट बिगाड़ सकता है। पैसे को लेकर जल्दबाजी में फैसला न लें।

**कुंभ** : आय बढ़ाने की कोई योजना भी बन सकती है। पैसा मिलने के बाद पूरा खर्च करने के बजाय कुछ हिस्सा बचाना बेहतर रहेगा।

**मीन** : अचानक कोई खर्च सामने आ सकता है। प्रेम जीवन में साथी के साथ दिल की बात साझा करने का मौका मिलेगा।

## ज्योतिष/वास्तु


# बृहस्पति नक्षत्र गोचर 2026: अश्लेषा नक्षत्र के चौथे पद में गुरु का प्रवेश, इन 6 राशियों को होगा लाभ

अश्लेषा नक्षत्र गहराई, रणनीति, शोध और परिस्थितियों को समझने की क्षमता से जुड़ा है। गुरु 8 से 31 अक्टूबर तक इस पद में रहेंगे। इसके बाद मघा नक्षत्र के प्रथम पद में प्रवेश करेंगे। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह समय लाभकारी माना जा रहा है।

देवगुरु बृहस्पति 8 अक्टूबर 2026 को शाम 7:03 बजे अश्लेषा नक्षत्र के चौथे पद में प्रवेश करेंगे। इस समय गुरु कर्क राशि में गोचर कर रहे हैं, जहां उन्हें उच्च का माना जाता है। अश्लेषा का चौथा पद मीन नवांश से संबंधित है और इसके स्वामी भी बृहस्पति ही हैं। ऐसे में गुरु की स्थिति और प्रभाव दोनों मजबूत माने जा रहे हैं। यह चरण ज्ञान, शिक्षा, विवेक, धर्म और सही निर्णय क्षमता को बढ़ाने वाला माना जा सकता है। अश्लेषा नक्षत्र गहराई, रणनीति, शोध और परिस्थितियों को समझने की क्षमता से जुड़ा है। गुरु 31 अक्टूबर तक इस पद में रहेंगे। इसके बाद मघा नक्षत्र के प्रथम पद में प्रवेश करेंगे। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह समय लाभकारी माना जा रहा है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए बृहस्पति दूसरे भाव में हैं, जो धन, बचत, परिवार और वाणी से संबंधित माना जाता है। इस दौरान आर्थिक स्थिति को व्यवस्थित करने के अवसर मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को वेतन वृद्धि, नई जिम्मेदारी या अतिरिक्त आय का मौका मिल सकता है। कारोबार में आपकी सलाह और बातचीत प्रभावी रहेगी। परिवार से जुड़े फैसलों में भी सहयोग मिलेगा। गुरुवार को केले या पीली मिठाई का भोग लगाकर जरूरतमंद को भोजन कराना शुभ माना जाता है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि में बृहस्पति का गोचर हो रहा है और यहां उन्हें उच्च का माना जाता है। अश्लेषा के चौथे पद में पहुंचने से निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास मजबूत हो सकता है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ने के साथ प्रतिष्ठा भी बढ़ सकती है और निजी जीवन में भी सकारात्मकता बनी रहेगी। लंबे समय



से अपनी पहचान बनाने के प्रयास कर रहे लोगों को नई दिशा मिल सकती है। गुरुवार को पीले चंदन से भगवान विष्णु का पूजन करें और पीली मिठाई का दान करें।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के लिए बृहस्पति ग्यारहवें भाव में हैं, जिसे लाभ, आय, नेटवर्क और इच्छापूर्ति का भाव माना जाता है। पुराने संपर्कों से फायदा मिल सकता है और नए प्रभावशाली लोगों से जुड़ने के अवसर बन सकते हैं। नौकरी में पदोन्नति या नई भूमिका की चर्चा आगे बढ़ सकती है। कारोबार में नेटवर्किंग लाभ देगी। मीडिया, शिक्षा, वित्त और डिजिटल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अवसर मिल सकते हैं। गुरुवार को पीली दाल का दान करना शुभ माना जाता है।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि से बृहस्पति नौवें भाव में हैं। यह भाव भाग्य, धर्म, उच्च शिक्षा, गुरु और लंबी यात्राओं से जुड़ा है। इस दौरान पढ़ाई या करियर से जुड़े बड़े फैसलों में मार्गदर्शन मिल सकता है। उच्च शिक्षा, विदेश और दूरस्थ परियोजनाओं से जुड़े काम आगे बढ़ सकते हैं। किसी वरिष्ठ या गुरु की सलाह उपयोगी साबित हो सकती है। गुरुवार को भगवान विष्णु को पीले फूल अर्पित करें और बेसन के लड्डू का दान करें।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए बृहस्पति सप्तम भाव में हैं, जो विवाह, साझेदारी और सार्वजनिक संबंधों का प्रतिनिधित्व करता है। रिश्तों में स्थिरता बढ़ सकती है और अविवाहित लोगों के विवाह संबंधी मामलों में बातचीत आगे बढ़ सकती है। कारोबारियों को नए साझेदार या महत्वपूर्ण ग्राहक मिल सकते हैं। सार्वजनिक व्यवहार में प्रतिष्ठा मजबूत हो सकती है। गुरुवार को पीले वस्त्र या चने की दाल का दान करना शुभ माना जाता है।

**मीन राशि-** मीन राशि के लिए बृहस्पति पांचवें भाव में हैं, जो शिक्षा, बुद्धि, संतान, प्रेम और रचनात्मकता से संबंधित माना जाता है। मीन नवांश से जुड़ाव इस राशि के लिए विशेष माना जा रहा है। विद्यार्थियों को एकाग्रता और बेहतर रणनीति बनाने में मदद मिल सकती है। लेखन, मीडिया और कला से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। गुरुवार को विष्णु पूजा करें और जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई की सामग्री दान करें।

### जेवलिन में यशवीर को सिल्वर, रोहित को ब्रॉन्ज, श्रीशंकर, गुलवीर और ईशा ने भी जीते सिल्वर

# भारत को एशियन गेम्स के 9वें दिन 8 मेडल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत को एशियन गेम्स के 9वें दिन 8 मेडल मिले। यशवीर सिंह ने जेवलिन थ्रो में 85.72 मीटर के पर्सनल बेस्ट के साथ सिल्वर और रोहित यादव ने 84.35 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज जीता।

इससे पहले श्रीशंकर मुरली ने लॉन्ग जंप में 8.07 मीटर की जंप के साथ सिल्वर अपने नाम किया। गुलवीर सिंह ने 1500 मीटर में 3 मिनट 36.72 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर जीता। सोमवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर हासिल किया। पारुल चौधरी ने 5000 मीटर में ब्रॉन्ज, वित्या रामराज ने 400 मीटर हर्डल्स में ब्रॉन्ज और पिंकी बल्हारा ने कुराश के -78 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज जीता। इन मेडल के साथ भारत के खाते में अब 45 मेडल हो गए हैं। इनमें 4 गोल्ड, 20 सिल्वर और 21 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत मेडल टैली में 12वें स्थान पर है। शूटिंग में भारत के 12 मेडल हो गए हैं, जिसमें 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

**ईशा ने शूटआउट में गोल्ड गंवाया-** ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर जीता। फाइनल में ईशा और चीन की जियाओ जियारुइक्सुआन के 38-38 पॉइंट रहे। इसके बाद शूटआउट हुआ, जिसमें जियाओ ने जीत दर्ज की। ईशा ने 580 अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। मनु भाकर मेडल इवेंट तक नहीं पहुंच सकीं।




### पारुल और वित्या को ब्रॉन्ज

पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर रेस में 15 मिनट 14.61 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। वित्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल्स में 54.75 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। उन्होंने पीटी उषा का 42 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा। उषा ने 1984 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में 55.42 सेकेंड का समय निकाला था। अनू राघवन 55.88 सेकेंड के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। कुराश में पिंकी बल्हारा ने महिलाओं के -78 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज जीता। सेमीफाइनल में उन्हें साउथ कोरिया की मो सुमिन ने 5-0 से हराया।

**हॉकी में बांग्लादेश को 10-0 से हराया-** भारत ने पुरुष हॉकी के पूल-अ के आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को 10-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर से 4 गोल किए, जबकि शिलानंद ने 2 और अभिषेक, सुखजीत, जुगराज और मंदीप ने 1-1 गोल किया। भारत पूल-अ में टॉप पर रहा और 1 अक्टूबर को सेमीफाइनल में पाकिस्तान से खेलेगा।

कपिल पोखरिया ने पुरुषों के 90 किग्रा क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया के किम गिचाए को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और मेडल पक्का किया। लवलीना बोरगोहेन ने महिलाओं के 75 किग्रा क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया की सियोंग सुयोन को 5-0 से हराया। प्रियंका ने महिलाओं के 60 किग्रा क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान की मिजगोना समादोवा को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## क्रिकेटर दीपक चाहर के ग्राउंड से लाखों के बैट चोरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगरा

आगरा के शास्त्रीपुरम ग्राउंड से भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर के तीन बैट चोरी हो गए। बैट की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। दीपक चाहर ने इस घटना का वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया है। जिसे अब तक करीब 7 मिलियन लोग देख चुके हैं। वीडियो में दीपक चोर से बैट वापस करने की अपील कर रहे हैं। कहा- भाई मैं पुलिस में शिकायत करूं, या योगी जी के पास जाऊं, या मोदी जी के पास जाऊं। या फिर सीधा भगवान से ही रिक्वेस्ट करूं कि भाई जो भी चुराके ले गया है, उसको बुद्धि दे और मेरा बैट दे जाए। 49 सेकेंड के वीडियो में दीपक कह रहे हैं कि कल शाम को मेरे ऐसे तीन बैट, प्लेयर एडिशन के... यहां से चोरी हो गए। अब आपको क्या लगता है कि मुझे क्या करना चाहिए? बहुत अच्छे बैट थे। अभी जो चोरी करके ले गया है, उसको पता तो है नहीं कि कितने महंगे बैट थे। डेढ़ लाख रुपये के तीन बैट थे। अब वह जाके या तो बेच देगा उनको नॉर्मली, या फिर खेलेगा टेनिस बॉल से। भाई मुझसे ही ले लेता कुछ पैसे, मैं दे देता। या तो मेरे पास कई ऑप्शन हैं। इस टाइम पर या तो पुलिस में शिकायत करूं, या योगी जी के पास जाऊं, या मोदी जी के पास जाऊं। या फिर सीधा भगवान से ही रिक्वेस्ट करूं कि भाई जो भी चुराके ले गया है, उसको बुद्धि दे और मेरा बैट दे जाए। मैं पैसे दे दूंगा उसको। या फिर रर से रिक्वेस्ट करके और मंगा लेता हूं, दो-तीन बैट। तो आपको क्या लगता है कि मुझे क्या करना चाहिए?

### वनडे वर्ल्ड कप 2027 का शेड्यूल एक अक्टूबर को आएगा

## 14 टीमें, 12 वेन्यू और 57 मैच, नामीबिया मेजबान होकर भी क्वालिफायर खेलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2027 का शेड्यूल एक अक्टूबर को जारी करेगा। यह ऐलान साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होगा। टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। वर्ल्ड कप में पहली बार 14 टीमें 57 मैचों में हिस्सा लेंगी। इसमें 12 वेन्यू भी शामिल हैं। टूर्नामेंट 2 अक्टूबर 2027 से 21 नवंबर तक खेले जाने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन से वर्ल्ड कप शुरू करने की योजना है। वर्ल्ड कप में 14 टीमों को जगह मिलेगी। इनमें साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे को मेजबान होने के कारण सीधे स्थान मिला है। बाकी 8 सीधे स्थान 30 सितंबर 2026 की आईसीसी वनडे रैंकिंग के आधार पर तय होंगे। चार स्थान क्वालिफायर से आएंगे।

23 सितंबर की आईसीसी ओडीआई रैंकिंग में भारत नंबर-1 पर है। उसके बाद न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश टॉप-10 में हैं। साउथ अफ्रीका को मेजबान होने के कारण अलग से जगह मिलने पर उसके बाद रैंकिंग में मौजूद गैर-मेजबान टीमों के लिए रास्ता बनेगा। मौजूदा स्थिति में भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश सीधे क्वालिफिकेशन की



स्थिति में हैं। वेस्टइंडीज फिलहाल 10वें स्थान पर है और उसे क्वालिफायर के रास्ते वर्ल्ड कप में जगह बनानी होगी। क्वालिफिकेशन की अंतिम तस्वीर 30 सितंबर की कटऑफ के बाद ही साफ होगी।

**नामीबिया मेजबान है, लेकिन उसकी जगह पक्की नहीं-** इस वर्ल्ड कप में नामीबिया का मामला अलग है। साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया तीनों मेजबान हैं, लेकिन नामीबिया को मेजबान होने के बावजूद सीधे एंट्री नहीं मिली है। उसे क्वालिफिकेशन रूट से गुजरना होगा। यानी पहली बार ऐसा हो सकता है कि किसी मेजबान देश की टीम अपने ही देश में होने वाले सीनियर पुरुष वर्ल्ड कप में हिस्सा न ले। क्वालिफायर में कुल 10 टीमें होंगी। इनमें वेस्टइंडीज, आयरलैंड, क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 की टॉप-4 टीमें और क्वालिफायर प्लेऑफ की टॉप-4 टीमें शामिल होंगी। इन 10 टीमों में से टॉप-4 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।

## खबर एक नजर...

### मंदसौर में नहीं मिला युवक को ड्रग्स देने वाला

**उज्जैन।** अंगारेश्वर मंदिर के पास से 23 सितंबर की रात चिमनगंज थाना पुलिस ने अशफाक उर्फ कटोरी पिता अब्दुल्ला 19 वर्ष निवासी राज रॉयल कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 3 लाख कीमत की 61.50 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली थी। एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर उसे 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। उसने मंदसौर के भावगढ़ से ड्रग्स लाना बताया था। पुलिस उसे भावगढ़ लेकर पहुंची थी। जहां अशफाक ने बताया कि उसे झिरी नामक युवक ने चौराहा पर ड्रग्स दी थी। एसआई लिबिन खेस ने बताया कि ड्रग्स देने वाले की तलाश में कुछ स्थानों पर दबिश दी गई लेकिन वह नहीं मिल पाया। सोमवार को अशफाक का रिमांड पर खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### क्रिकेट खेलने की बात पर 2 पक्षों में मारपीट

**उज्जैन।** खाचरौद के शासकीय माडल स्कूल परिसर में क्रिकेट खेलने की बात पर 2 पक्षो में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई और मामला पुलिस थाने पहुंच गया। दोनो पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार चौकी जुनार्दा में रहने वाले विनय पिता राकेश बोडाना ने बताया कि क्रिकेट खेलने के दौरान उसके साथ मुराद अली ने मारपीट की है। वहीं मुराद पिता युसुफ अली निवासी उपजेल खाचरौद का कहना था कि उसने परिसर में क्रिकेट खेलने से मना किया तो विनय और उसके साथियों ने मारपीट की बीच-बचाव में पत्नी कविता आई तो उसके साथ भी गाली-गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत पर दर्ज प्रकरण में मारपीट के साथ एससी एसटी एक्ट की धारा लगाई गई है। मुराद अली की पत्नी आदिवासी समाज से है।

### रिश्तेदारों के बीच पारिवारिक विवाद में केस दर्ज

**उज्जैन।** महिदुपर के बैरजाली में रहने वाले अरबाज पिता हमीद पठान 27 साल और रिश्तेदार शहजाद पिता सलीम खान 40 साल के बीच पारिवारिक बातों को लेकर विवाद हो गया। शहजाद का कहना था कि अरबाज उसकी पत्नी के साथ अभद्रता कर रहा था और गलत शब्द कर रहा था। वहीं अरबाज का आरोप था कि घरेलू विवाद होने पर उसके साथ गाली-गलौच की गई और मारपीट की धमकी दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुर्घटना में घायल की मौत, 3 माह बाद केस दर्ज




**उज्जैन।** महिदपुर घौंसला मार्ग लाम्बीखेड़ी फंटा पर 7 जून को हुई सड़क दुर्घटना में विजय पिता बाबूलाल यादव 50 साल निवासी यादव मोहल्ला घौंसला गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। एक माह तक चले उपचार के बाद भी हालत में सुधार नहीं आया था। डॉक्टरों ने अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया था। घर पर जारी उपचार के बाद अगस्त माह में विजय की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। दुर्घटना के तीन माह बाद पुलिस ने बिना नम्बर की बाइक द्वारा टक्कर मारने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बाइक चालक की तलाश शुरू की गई है।

### छत से गिरा युवक टूटी हाथ की हड्डी

**उज्जैन।** ढांचा भवन में रहने वाला उज्जवल पिता अजय पांडे सोमवार सुबह छत से गिर गया। उसके हाथ की हड्डी टूट गई। बताया जा रहा था कि उज्जवल आटो डील का काम करता है। उसका पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके चलते वह मकान की छत पर गया था, जहां से गिरा है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि उसने खुद छलांग लगाई है या फिर उसके साथ हादसा हुआ है। बयान दर्ज होने पर उज्जवल के साथ हुई घटना का पता चल पायेगा।

### फूल तोड़ रही वृद्धा को हाथ पर सांप ने डंसा

**उज्जैन।** मंगलनाथ मंदिर के पास रघुनाथधाम आश्रम में सोमवार सुबह फूल तोड़ रही विष्णुबाई पति चिरौंजीलाल त्रिवेदी 60 साल को सांप ने हाथ पर डंस लिया। विष्णुबाई को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि विष्णुबाई आश्रम में खाना बनाने का काम करती है। सुबह वह आश्रम पहुंची थी, इस दौरान पूजा के लिये परिसर में लगे फूल तोड़ रही थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, सांप जहरीला नहीं होने पर विष्णुबाई की जान बच गई।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 560-1 | 700-7 |
| मेन बाजार | 167-4 | 380-1 |
| मिलन डे | 560-1 | 489-1 |
| मिलन नाइट | 228-2 | 138-2 |

1 4 0

---

नक्शे के अनुरूप निर्माण अनुमति का प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंच दंपति की मांग कर रहे थे रिश्वत

# उज्जैन ईओडब्ल्यू की टीम ने साढ़े तीन हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नक्शे के अनुरूप निर्माण अनुमति का प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंच दंपति रिश्वत की मांग कर रहे थे। ग्रामीण ने ईओडब्ल्यू को शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को उज्जैन से मंदसौर पहुंची ईओडब्ल्यू की टीम ने सरपंच दंपति को साढ़े तीन हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा।

ईओडब्ल्यू की टीम ने बताया कि मंदसौर की सीतामऊ तहसील के ग्राम मुवाला में रहने वाले विक्रम पिता तखतसिंह ने उज्जैन कार्यालय आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम पंचायत दलौदा में उसने एक भुखंड क्रय किया था। जिसका नामांतरण हो चुका था।




नक्शे के अनुरूप निर्माण अनुमति के लिए ग्राम पंचायत को आवेदन दिया था। जहां से मिलने वाले प्रमाण पत्र पर उसे बैंक से लोन प्राप्त करना था। लेकिन प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंच दुर्गा कैथवास द्वारा अपने पति अनिल कैथवास सरपंच प्रतिनिधि के माध्यम से 5 हजार की मांग की जा रही है। विक्रमसिंह की शिकायत की तस्दीक की गई, जिसमें पाया गया कि रिश्वत की राशि 5 हजार का मामला 4 हजार में तय हुआ है। महिला सरपंच का पति 500 रुपए प्राप्त कर चुका है। साढ़े तीन हजार सोमवार को देना तय किया गया है। शिकायत सही होने पर उज्जैन से ईओडब्ल्यू की एक टीम उपपुलिस अधीक्षक रामनिवास यादव के नेतृत्व में बनाई गई। जिसमें निरीक्षक रीमा यादव, अर्जुन मालवीय, उपनिरीक्षक अशोक राव, प्रधान आरक्षक मोहन पाल, लोकेन्द्र सिंह देवड़ा, मनोज सिरवईया, आरक्षक राकेश जटिया, महिला आरक्षक मनीषा रावत, भरत मण्डलोई, चन्द्रशेखर राय को शामिल कर मंदसौर रवाना किया। शिकायतकर्ता को रिश्वत की शेष राशि देकर सरपंच पति ने ग्राम दलौदा स्थित कार्यालय बुलाया।

### मौके पर ही कार्रवाई की दोनों की गिरफ्तारी ली

विक्रमसिंह ने रिश्वत की राशि दी और टीम को इशारा किया। टीम ने कार्यालय में प्रवेश कर सरपंच दुर्गा कैथवास और उसके प्रतिनिधि पति अनिल कैथवाल को रंगेहाथ रिश्वत की राशि लेने के आरोप में पकड़ा और मौके पर ही कार्रवाई की दोनों की गिरफ्तारी ली। दोनों के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज कर उन्हे जमानत में रिहा किया। दोनों के खिलाफ अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

---

डॉक्टर और कर्मचारी के साथ 3.10 लाख की धोखाधड़ी

# साइबर ठगों ने फिर 2 खातों से किया ट्रांजेक्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऑनलाइन साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे है। एक बार फिर डॉक्टर और कर्मचारी के साथ 3.10 लाख की धोखाधड़ी होने के मामले 2 थाना पुलिस ने दर्ज किये है।

पहला मामला चेरिटेबल अस्पताल में पदस्थ डॉ. संतोष दुबे के साथ हुआ था। जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि डॉ. दुबे ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होने अपना सैलरी अकाउंट चैक किया था, उस दौरान ना तो किसी को ओटीपी बताया, ना ही किसी को जानकारी दी। उसके बाद भी उनके खाते से 3 से 4 बार राशि का ट्रांजेक्शन होने के मैसेज मोबाइल पर प्राप्त हुये। उनके खाते से 1.10 लाख रुपए अज्ञात बदमाश द्वारा निकाल लिये गये है। थाना प्रभारी ने बताया कि खाते से राशि निकलने पर ऑनलाइन साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी,



जहां से मामला जांच के लिये आने पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। डॉ. दुबे का जिस बैंक में खाता है, वहीं से जानकारी प्राप्त कर पता लगाया जायेगा कि उनके खाते से ट्रांजेक्शन हुई राशि किस खाते में और कहां गई है।

### हर दिन सामने आ रहे मामले

जिले में हर दिन ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे है। ठगों द्वारा झांसा देकर लोगों को अपनी बातों में फंसाया जा रहा है उनके खाते खाली किये जा रहे है। साइबर ठगों द्वारा मोबाइल हैक कर उनकी डिटेल भी प्राप्त की जा रही है। पिछले 3 माह में जिले की पुलिस 35 से 40 मामले ऑनलाइन धोखाधड़ी के दर्ज कर चुकी है। कुछ ठगी का शिकार लोगों की राशि भी पुलिस लौटाने में सफल रही है।

### जागरूकता के बाद भी धोखाधड़ी

लगातार ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों को लेकर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को फ्रॉड से बचने की जानकारी दी जा रही है। ठगी करने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद पढ़े-लिखे लोग भी ठगों की बातों में फंसकर ओटीपी के साथ जानकारी बता रहे हैं।

**दूसरा मामला ग्रेसिम कालोनी का-** ऑनलाइन धोखाधड़ी का दूसरा मामला बिरलाग्राम थाना क्षेत्र की ग्रेसिम स्टॉफ कालोनी का है। ग्रेसिम कंपनी में राजेन्द्र पिता देवीदास धामने कर्मचारी है। 9 सितंबर को उनके मोबाइल पर कॉल आया और बताया गया कि ऐक्सीस बैंक का क्रेडिट कार्ड बंद होने वाला है। कार्ड को जारी रखने के लिये लिंक पर जानकारी देना होगी। राजेन्द्र ने लिंक मिलने पर उस पर जानकारी दी। मोबाइल पर ओटीपी आया, जिसे बताया गया तो खाते से 2 लाख 572 रुपए का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हो गया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# गिरफ्त में आया तलवार लेकर घूम रहा बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर्कल भ्रमण के दौरान पुलिस को खबर मिली कि एक बदमाश तलवार लेकर घूम रहा है। पुलिस घेराबंदी के लिये पहुंची और बदमाश को गिरफ्तार कर तलवार बरामद की। इस दौरान 2 साल फरार वारंटी पर गिरफ्त में आ गया। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रात में भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि किला रोड खाल के पास बदमाश सलमान पिता मुंशी खां 35 साल निवासी काली मस्जिद के पास महिदपुर धारदार तलवार लेकर घूम रहा है। सूचना पर घेराबंदी की गई और बदमाश को पकड़ा गया। उसके कब्जे से तलवार बरामद होने पर मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। तलवार के साथ बदमाश को गिरफ्तार करने के दौरान ही पता चला कि अवैध हथियार के मामले में 2 साल से फरार चल रहा वारंटी कमल पिता मनोहरसिंह चौधरी निवासी महु थाना महिदपुर भी क्षेत्र में दिखाई दिया है। उसकी घेराबंदी भी की गई और पकड़ा गया। दोनों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उपजेल महिदपुर भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को गिरफ्तार करने में एसआई सुखसेन अरियाम, आरक्षक राघव, सुखदेव, गोविन्द, समरथ शामिल थे।

**2 साल से फरार वारंटी भी हिरासत में**

---

## सरगना की तलाश में बंगाल गई जीआरपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों के साथ चैन स्नेचिंग करने वाली पश्चिमी बंगाल की 6 सदस्यों की गैंग को जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया था। गैंग के पांच सदस्यों को रिमांड पर लिया गया है। वहीं गैंग के सरगना की तलाश में एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना की गई है।

जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि विगत तीन से चार माह में रेलवे स्टेशन उज्जैन और चलती ट्रेनों में महिला यात्रियों के गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र झपटकर चोरी करने की कई घटनाएं सामने आई थीं। मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई थी। आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र यादव की टीम के साथ प्लेटफार्मो पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसके आधार पर पश्चिम बंगाल की गैंग को गिरफ्तार किया गया। जिसमें राखी पिता राजेंद्र, राहुल पिता आलमगीर, अभिजीत पिता शंकर, रोहन पिता अर्जुन, सोमनाथ पिता नयन, नेपाल पिता दुलाल को गिरफ्तार किया गया था। सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां महिला आरोपिया को जेल भेजकर शेष 5 आरोपियों को 8 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि गैंग में अन्य सदस्य भी शामिल है। आरोपियों से सरगना की जानकारी भी मिली। जिसके चलते सोमवार को एक टीम सरगना और अन्य आरोपियों की तलाश में पश्चिम बंगाल रवाना की गई है। संभावना है कि सरगना और अन्य आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# आधी रात को फंदे पर लटका मिला युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भोपाल से आया युवक आधी रात को मामा के यहां रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। युवक के फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र की तिलकेश्वर कालोनी में रविवार-सोमवार रात अतुल परिहार 35 साल निवासी भोपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अतुल अपने मामा के घर आया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। अतुल के पिता मनमोहन परिहार ने बताया कि अतुल का ससुराल



ग्राम सोड़ंग में है। वह पत्नी प्रिया के साथ ससुराल मे आयोजित श्राद्ध के कार्यक्रम में आया था, जहां वह मामा के घर आ गया था। पिता के अनुसार अतुल कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था। उसकी एक बेटी है। पोस्टमार्टम के बाद परिवार अंतिम संस्कार के लिये शव भोपाल लेकर गया है।

**युवक ने जहर खाकर दी जान-** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ढाबला धूता में रहने वाले सीताराम पिता भैरूलाल 35 साल ने सोमवार शाम शराब के साथ जहर मिलाकर पी लिया। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाने के बाद पुलिस को सूचना दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम किया गया है। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। उसके बाद ही घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी।

---

नाराज गुट एकत्रित होकर शहर काजी खलिकुर्रेहमान का घर घेरा, मिर्जा वाडी में पथराव किया

# सहमति से मस्जिद का हिस्सा हटाने के दौरान एक पक्ष विरोध में उतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर उज्जैन में सोमवार सुबह समाज का एक धडा शाही मस्जिद के हिस्से को हटाने का काम आपसी सहमति से कर रहा था। इसके उपरांत एक पक्ष विरोध में उतर आया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन पर टंकी चौक के पास जूटी भीड ने पथराव कर दिया। पथराव में क्राईम ब्रांच निरीक्षक पुष्पा पांचाल को हाथ में चोंट लगी है। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए आंसु गैस के गोले छोड कर स्थिति को नियंत्रित किया है। भीड के एक धडे ने शहर काजी के घर का घेराव कर पथराव किया,जिसे पुलिस ने खदेड दिया। अधिकारियों के अनुसार स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। शहर काजी खलिकुर्रहमान ने सहमति की पुष्टि करते हुए समाजजनों को घरों में रहने और अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर कंठाल से गोपाल मंदिर मार्ग को 15 मीटर चौडा किया जा रहा है। इस मार्ग पर खडे हनुमान,शाही मस्जिद सहित 9 धर्मस्थल आ रहे हैं। शाही मस्जिद का चौडीकरण में आ रहे हिस्से को लेकर समाज के कुछ लोग उच्च न्यायालय इंदौर गए थे। एकल पीठ ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। सोमवार सुबह पथराव एवं पुलिस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता,संभागायुक्त आशीषसिंह,डीआईजी नवनीत भसीन पहुंचे और उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया है।

**रविवार देर रात सहमति बनी-** रविवार देर रात मस्जिद पर बडी संख्या में समाजजन जूटे थे। रात में ही पुलिस एवं प्रशासन ने




समाज की कमेटी से चर्चा की थी। इसमें कमेटी के लोगों के साथ शहर काजी भी शामिल थे। इसमें दोनों पक्षों की सहमति बनी और मस्जिद के चौडीकरण के दायरे में आ रहे हिस्से को समाज ही हटाएगा इसकी सहमति दी गई। रात से ही पूरे क्षेत्र में जिला पुलिस बल,आरएएफ एवं क्यू आर एफ का भारी पुलिस बल तैनात है।

**एक पक्ष ने तुडाई शुरू की,दुसरे ने पथराव किया-** सोमवार सुबह समाजजनों ने मस्जिद के अंदर से चौडीकरण में आ रहे हिस्से को हटाने का काम शुरू किया था। इसी दरमियान पास ही स्थित टंकी चौक की और से आई भीड ने आकस्मिक विरोध करते हुए पुलिस एवं प्रशासन पर नारेबाजी के साथ पथराव कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए भीड को तितरबितर करने के लिए अश्रुगैस के आधा दर्जन गोले छोडे । इसके बाद पुलिस बल ने असामाजिक तत्वों को खदेड दिया ।

- **महिलाओं को बचाने में निरीक्षक घायल-** पथराव के दौरान कुछ महिलाओं को वहां से निकालने के प्रयास में क्राईम ब्रांच की निरीक्षक पुष्पा पांचाल के हाथ में चोंट लगी है। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद वे पूनः स्थल पर ड्यूटी देती देखी गई।
- **नेशनल हाईवे जाम,समझाईश से खुला-** इसी के साथ समाजजनों के एक पक्ष ने इंदौर झकोटा नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया था। पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल पर जाकर उन्हें वस्तु स्थि?ति से अवगत करवाते हुए आपसी सहमति की जानकारी दी तो वे भी अपने घरों को लौट गए।

### तीन थाना क्षेत्र, 7 प्रकरण, 15 गिरफ्तार

सोमवार देर शाम को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि पथराव एवं बलवा के मामले में पुलिस ने महाकाल,खाराकुंआ एवं कोतवाली थाना क्षेत्र में कुल 7 प्रकरण दर्ज किए हैं। इनमें 15 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सीसी टीवी फूटेज के आधार पर पथराव करने वालों की पहचान कर रही है।

### शहर काजी का घर घेरा, पथराव

मस्जिद के चौडीकरण में आ रहे हिस्से को हटाने पर विरोध करने वाले समाज का धडा शहर काजी खलिकुर्रेहमान के मिर्जा नईम बेग मार्ग मिर्जा वाडी क्षेत्र निवास पर पहुंचा और यहां उनके घर को घेर लिया था। इस दौरान कुछ लोगों ने उनके घर पर पत्थर भी फेके। पुलिस ने यहां पहुंचकर उपद्रव करने वाले लोगों को खदेड दिया। शहर काजी खलिकुर्रेहमान ने सोमवार को समाजजनों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी से गुजारिश है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। मस्जिद का मसला रात को ही हल हो गया था और जो कमिटमेंट हुआ था वो काम पूरा हो रहा है। वो लोग अपना काम कर रहे हैं। इसलिए आप सभी से अपील है कि बेवजह बाजारों में न खड़े हों, बाजार की तरफ न जाएं, अपने घरों में रहें और अफवाहों की वजह से बाहर न निकलें।

### समाजजनों ने ही हिस्सा हटाने की पहल की

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मिडिया बयान में कहा कि दो हजार अठाईस में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होना है और जो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे उनकी व्यवस्थाओं के लिए जो निर्माण कार्य चल रहे हैं, जो मार्गों का चौड़ीकरण चल रहा है, मास्टर प्लानिंग के हिसाब से सड़कों का चौड़ीकरण चल रहा है। सबसे अच्छी बात ये है कि सभी व्यक्ति, सभी धर्म समुदाय के लोग स्वतः इसमें अपना योगदान कर रहे हैं और उनके जो मकान, धर्मस्थल जो भी आ रहे हैं उनको स्वतः हटा रहे हैं।इसी के क्रम में छतरी चौक पर आज शाही मस्जिद का हिस्सा भी इनके समाजजनों के द्वारा स्वतः हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह में न आएं और शांति व्यवस्था बनाए रखें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com